संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-54 सोमवार,25 दिसम्बर 2023, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये




## अदालत ने वीवो इंडिया के अंतरिम सीईओ व दो अन्य को भेजा तीन दिन की ईडी हिरासत में

**नई दिल्ली,24 दिसम्बर 2023 (ए)।** दिल्ली की एक अदालत ने चीनी स्मार्टफोन निर्माता वीवो के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाल ही में गिरफ्तार किए गए तीन शीर्ष अधिकारियों को तीन दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया है।

तीन आरोपियों - वीवो इंडिया के अंतरिम सीईओ होंग ज़ुक्वान, वीवो के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) हरिंदर दहिया और सलाहकार हेमंत मुंजाल को तीन दिन के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया गया है। उन्हें 26 दिसंबर को अदालत में पेश किया जाएगा। इस मामले में लावा इंटरनेशनल के एमडी हरिओम राय, चीनी नागरिक गुआंगवेन उर्फ एंड्रयू कुआंग, चार्टर्ड अकाउंटेंट नितिन गर्ग और राजन मलिक को 10 अक्टूबर को गिरफ्तार किए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई।

वीवो के एक प्रवक्ता ने कहा, हम अधिकारियों पर मौजूदा कार्रवाई से बेहद चिंतित हैं। हालिया गिरफ्तारियां उत्पीड़न को दर्शाती हैं और इस तरह यह व्यापक उद्योग परिदृश्य में अनिश्चितता का माहौल पैदा करती हैं। आरोपों को चुनौती देने के लिए हम सभी कानूनी रास्तों का उपयोग करने के लिए दृढ़ हैं।

# एमपी में मंत्रिमंडल का विस्तार आज




### सीएम मोहन यादव सुबह राज्यपाल से करेंगे मुलाकात

**भोपाल,24 दिसम्बर 2023 (ए)।** मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार सोमवार दोपहर में हो सकता है। करीब 20 मंत्री दोपहर में शपथ ले सकते हैं। इसमें नए चेहरे के साथ ही कुछ पूर्व मंत्रियों को मौका देने की बात सामने आ रही है। सूत्रो का कहना है कि मुख्यमंत्री की केंद्रीय नेताओं से मुलाकात के बाद मंत्रिमंडल के नाम पर अंतिम मुहर लग गई है। अधिकारिक सूत्रों की मानें सीएम मोहन यादव ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल से सोमवार सुबह मुलाकात का समय मांगा है। बताया जा रहा है कि वे राज्यपाल से भेंट कर संभावित मंत्रियों की सूची सौंप सकते हैं।

बता दें सीएम का एक सप्ताह में यह तीसरा दौरा है। सीएम के दिल्ली दौरे के चलते भोपाल में आयोजित होने वाली बैठकों को रद्द कर दिया गया। देर शाम सीएम भोपाल लौट सकते हैं। बताया जा रहा है कि सीएम केंद्रीय नेतृत्व के साथ मंत्रिमंडल को लेकर फाइनल चर्चा हो गई है। अब सोमवार को मंत्रिमंडल में तकरीबन 20 मंत्री शपथ ले सकते है। सीएम यादव ने राष्ट्रपति भवन पहुंचकर महामहीम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की। सीएम ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के निवास पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बिड़ला को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। यह मुख्यमंत्री डॉ. यादव की कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत पहली मुलाकात थी। बिड़ला ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को नए पद व दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। लोकसभा अध्यक्ष बिड़ला ने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपनी प्रगतिशील सोच से मध्य प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।वहीं, सीएम ने केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल तथा सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर से उनके निवास पर भेंट की। केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने मुख्यमंत्री का पारंपरिक हिमाचली रीति से अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश में खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत निर्माण संकल्प में मध्यप्रदेश के युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने संबंधी विभिन्न विषयों पर केंद्रीय मंत्री ठाकुर से विस्तृत चर्चा की।



## राजस्थान मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले 6 विधायकों के नाम लीक

### सामने आई कैबिनेट गठन की रणनीति

**जयपुर,24 दिसम्बर 2023 (ए)।** राजस्थान में मंत्रि मंडल के गठन को लेकर कवायद तेज हो गई है और अब इसे अंतिम रूप देने का काम किया जा रहा है। हालांकि, अब भी मंत्री मंडल के गठन पर सस्पेंस बरकरार है. बताया जा रहा है कि राजस्थान में पहला मंत्रि मंडल विस्तार कुछ दिनों में होगा। जिसमें पहले छोटे मंत्री मंडल का विस्तार किया जाएगा। बाद में इसे और बढ़ाया जाएगा. बीजेपी के सूत्रों ने बताया है कि मंत्रि मंडल में युवा और अनुभवी दोनों नेताओं को मौका दिया जाएगा. हालांकि, ये भी कहा गया है कि ज्यादातर मंत्री 40 से 55 वर्ष के होंगे।. बताया जा रहा है कि बीजेपी राजस्थान में कैबिनेट विस्तार को लेकर पूरी रणनीति तैयार कर रही है। जिससे लोकसभा चुनाव में इसका फायदा मिल सके. सीपी जोशी ने भी मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर कहा है कि, पहले मिनी मंत्रि मंडल का विस्तार होगा. बाद में इसका विस्तार किया जाएगा. जोशी ने ये भी कहा है कि इसमें सभी वर्गों को साथ शामिल किया जाएगा.।

# मैं बृजभूषण सिंह का रिश्तेदार नहीं

### डब्ल्यूएफआई के निलंबन पर संजय सिंह ने दिया ये बयान



**नई दिल्ली,24 दिसम्बर 2023(ए)।** रेसलिंग फेडरेशन के नवनिर्वाचन को खेल मंत्रालय ने निलंबित कर दिया है। इस मामले पर अब संजय सिंह ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैं और बृजभूषण शरण सिंह रिश्तेदार नहीं है। इससे पहले बृजभूषण सिंह ने भी यही बयान देते हुए कहा कि मैं राजपूत हूं और संजय सिंह भूमिहार हैं। संजय सिंह के भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बनने के बाद से विवाद देखने को मिल रहा था। इसके बाद पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से सन्यास से ले लिया और बजरंग पुनिया ने अपना पदम श्री वापस कर दिया। इसके बाद खेल मंत्रालय एक्शन में आ गया। खेल मंत्रालय ने भारती कुश्ती महासंघ की नवनिर्वाचित संस्था को निलंबित कर दिया है।

## यूपी और बिहार से आने वाले लोग तमिलनाडु में टॉयलेट साफ करते हैं

**नई दिल्ली,24 दिसम्बर 2023 (ए)।** दक्षिण भारत के राज्यों में उत्तर भारतीयों के अपमान और उनका तिरस्कार करने की खबरें अक्सर आती रहती हैं। ऐसा ही एक मामला तमिलनाडु से सामने आया है। यहां के छ्रस्थ्य सांसद दयानिधि मारन ने कहा है कि तमिलनाडु में सिर्फ टॉयलेट और सड़कें साफ़ करते हैं। डीएमके सांसद ने कहा कि यूपी-बिहार के हिंदी बोलने वाले लोग हमारे राज्य में आकर टॉयलेट और



सड़क साफ करते हैं। वे सिर्फ हिंदी सीखते हैं। उन्हें अंग्रेजी बोलनी नहीं आती। जो अंग्रेजी सीखते हैं, वे ढ्ढ्ञ कंपनियों में अच्छी नौकरी करते हैं। उनका यह बयान सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। दयानिधि मारन के बयान पर हमला बोलते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इनकी एक बार फिर डिवाइड एंड रूल की मंशा है। शहजाद ने कहा कि सबसे पहले राहुल गांधी ने उत्तर भारतीय मतदाताओं को गाली दी। इसके बाद रेवंत रेड्डी ने बिहार के डीएनए को भला-बुरा कहा।




## संपादकीय

# बचाव की मुद्रा में ?

मोदी ने राय जताई कि कूटनीतिक संबंधों से जुड़ी कुछ घटनाओं से भारत-अमेरिका संबंध प्रभावित नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच 'परिपक्व एवं स्थिर सहभागिता' बनी है। अमेरिका की दोनों प्रमुख पार्टियां भारत से संबंध को आज समान महत्त्व दे रही हैं।

खालिस्तानी उग्रवादियों गुरपतवंत सिंह पन्नूं और हरदीप सिंह निज्जर के मामलों में क्या भारत सरकार बचाव की मुद्रा में है? इस संदर्भ में दो नई खबरें अहम हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटिश अखबार फाइनेंशियल टाइम्स को इंटरव्यू देकर पन्नूं मामले में अपनी सरकार का रुख साफ किया है। उधर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार को कहा कि पन्नूं की हत्या की कथित साजिश के मामले में अमेरिका में भारत सरकार के एक अधिकारी पर इल्जाम लगने के बाद से भारत का सुर बदल गया है। भारत यह समझ गया है कि वह अपनी नहीं चला सकता। बेशक अमेरिका ने उसकी जमीन पर एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की कथित कोशिश को बेहद गंभीरता से लिया है। इस बारे में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन, सीआईए और एफबीआई के प्रमुख आदि ने सीधे अपने समकक्ष भारतीय अधिकारियों से बात की है। उधर न्यूयॉर्क की एक अदालत में अभियोग भी दायर किया जा रहा है। इसको लेकर भारत-अमेरिका संबंधों में पेच पड़ने की चर्चाएं तेज रही हैं। इसी सिलसिले में नरेंद्र मोदी ने राय जताई कि कूटनीतिक संबंधों से जुड़ी कुछ घटनाओं से दोनों देशों के संबंध प्रभावित नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच 'परिपक्व एवं स्थिर सहभागिता' बनी है। अमेरिका की दोनों प्रमुख पार्टियां भारत से संबंध को समान महत्व दे रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'अगर हमारे किसी नागरिक ने कोई बुरा या अच्छा काम किया हो, तो हम उस पर गौर करने को तैयार हैं। हम कानून के राज के प्रति निष्ठावान हैं।' भारत इस मामले में अमेरिका से मिली सूचनाओं के आधार पर जांच कराने का एलान कर चुका है। उधर अमेरिका ने कहा है कि उसकी नजर जांच के नतीजे पर है। किसी विवाद पर अपना रुख स्पष्ट करना सही रास्ता है। मगर यह सवाल उठेगा कि क्या निज्जर के मामले में कनाडा के खिलाफ सख्त रुख अपनाने के बाद अब इन मामलों में सचमुच भारत का रुख नरम पड़ गया है? गौरतलब है कि अमेरिका ने पन्नूं और निज्जर के मामलों को एक दूसरे से जुड़ा हुआ माना है।

# क्रिसमस का इतिहास और महत्व



**योगेश कुमार गोयल**
नजफगढ़, नई दिल्ली

प्रतिवर्ष 25 दिसम्बर को विश्वभर में मनाया जाने 'क्रिसमस' पर्व ईसाई समुदाय का सबसे बड़ा त्यौहार है और संभवतः सभी त्यौहारों में क्रिसमस ही एकमात्र ऐसा पर्व है, जो एक ही दिन दुनियाभर के हर कोने में उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जाता है। क्रिसमस पर्व वास्तव में धार्मिक मायनों में केवल एक महत्वपूर्ण त्यौहार ही नहीं है बल्कि इसका एक सांस्कृतिक नजरिया भी है। यह पर्व केवल एक दिन का उत्सव नहीं है बल्कि यह पूरे 12 दिन का पर्व है, जो क्रिसमस की पूर्व संध्या से शुरू हो जाता है। हिन्दुओं में जो महत्व दीवाली का है, मुस्लिमों में जितना महत्व ईद का है, वही महत्व ईसाईयों में क्रिसमस का है। जिस प्रकार हिन्दुओं में दीवाली पर अपने घरों को सजाने की परम्परा है, उसी प्रकार ईसाई समुदाय के लोग क्रिसमस के अवसर पर अपने घरों को सजाते हैं। इस अवसर पर शंकु आकार के विशेष प्रकार के वृक्ष 'क्रिसमस ट्री' को सजाने की तो विशेष महत्ता होती है, जिसे रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया जाता है।

मान्यता है कि करीब दो हजार वर्ष पूर्व 25 दिसम्बर को ईसा मसीह ने समस्त मानव जाति का कल्याण करने के लिए पृथ्वी पर जन्म लिया था। तब पूरे रोम में धार्मिक आडम्बर चारों ओर फैले थे, रोम शासक यहूदियों पर अत्याचार करते थे, धनाढ़य वर्ग विलासितापूर्ण जीवन व्यतीत करता था जबकि गरीबों की हालत अत्यंत दयनीय थी। चारों ओर अशांति फैली थी, भाई-भाई का शत्रु बन गया था, धर्मस्थलों के पादरी अथवा पुजारी स्वार्थसिद्धि में लिप्त थे, छोटे-बड़े, अमीर-गरीब, ऊंच-नीच के बीच भेदभाव की गहरी खाई बन चुकी थी। ऐसे विकट समय में पृथ्वी पर जन्म लिया था यीशु (ईसा मसीह) ने। ईसाई धर्म के लोग मानते हैं कि ईसा के जन्म के साथ ही समूचे विश्व में एक नए युग का शुभारंभ हुआ था, यही कारण है कि हजारों वर्ष बाद भी उनके प्रति लोगों का वही उत्साह, वही श्रद्धा बरकरार है और 25 दिसम्बर की मध्य रात्रि को गिरिजाघरों के घड़ियाल बजते ही 'हैप्पी क्रिसमस' के उद्घोष के साथ जनसैलाब उमड़ पड़ता है, लोग एक-दूसरे को गले मिलकर बधाई देते हैं और आतिशबाजी भी करते हैं। इस अवसर पर लोग गिरिजाघरों के अलावा अपने घरों में भी खुशी और उल्लास से ऐसे गीत गाते हैं, जिनमें ईसा मसीह द्वारा दिए गए शांति,प्रेम एवं भाईचारे के संदेश की महत्ता स्पष्ट परिलक्षित होती है।

हालांकि इस बात का कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं मिलता कि क्रिसमस का त्यौहार मनाने की परम्परा कब, कैसे और कहां से शुरू हुई थी लेकिन माना जाता है कि यह पर्व मनाने की शुरूआत रोमन सभ्यता के समय ईसा मसीह के शिष्यों ने ही की होगी। जिन ईसा मसीह की स्मृति में लोग क्रिसमस का त्यौहार मनाते हैं, उनका जन्म अत्यंत विकट परिस्थितियों में हुआ था। दिसम्बर के महीने की हाड़ कंपा देने वाली




कड़ाके की ठंड में इसराइल के येरूसलम से 8 किलोमीटर दूर बेथलेहम नामक एक छोटे से गांव में आधी रात के वक्त खुले आसमान तले एक अस्तबल में एक गरीब यहूदी यूसुफ की पत्नी मरियम की कोख से जन्मे थे यीशु, जिनके जन्म की सूचना सबसे पहले हेरोद जैसे क्रूर सम्राट को नहीं बल्कि गरीब चरवाहों को मिली थी। माना जाता है कि ये चरवाहे उसी क्षेत्र में अपनी भेड़ों के झुंड के साथ रहा करते थे और जिस रात ईसा ने धरती पर जन्म लिया, उस समय ये लोग खेतों में भेड़ों के झुंड की रखवाली करते हुए आग ताप रहे थे। कहा जाता है कि मरियम जब गर्भवती थी तो एक रात गैबरियल नामक एक देवदूत मरियम के सामने प्रकट हुआ, जिसने मरियम को बताया कि उन्हें ईश्वर के बेटे की मां बनने के लिए चुना गया है। उन दिनों जनगणना का कार्य चल रहा था और तब यह प्रथा थी कि जनगणना के समय पूरा परिवार अपने पूर्वजों के नगर में एकत्रित होता था और वहीं परिवार के सभी सदस्यों का नाम रजिस्टर में दर्ज कराता था। यूसुफ दाऊद के कुटुम्ब तथा देश का था, इसलिए गर्भवती मरियम को साथ लेकर वह भी नाम लिखवाने अपने पूर्वजों की भूमि बेथलेहम पहुंचा। जनगणना की वजह से बेथलेहम में उस समय बहुत भीड़ थी। वहां पहुंचकर युसूफ ने एक सराय के मालिक से रूकने के लिए जगह मांगी लेकिन सराय में बहुत भीड़ होने के कारण उन्हें जगह नहीं मिली। मरियम को गर्भवती देख सराय के मालिक को उस पर दया आई और उसने उन्हें घोड़ों के अस्तबल में ठहरा दिया। वहीं आधी रात के समय मरियम ने एक अति तेजस्वी पुत्र को जन्म दिया, जिसका 7 दिन बाद नामकरण संस्कार हुआ। बालक का नाम रखा गया 'जीजस', जिसे यीशु के नाम से भी जाना गया। यहूदियों के इस देश में उस समय रोमन सम्राट हेरोद का शासन था, जो बहुत पापी और अत्याचारी था। हेरोद को जीजस के जन्म की सूचना मिली तो वह बहुत घबराया क्योंकि भविष्यवक्ताओं ने भविष्यवाणी की थी कि यहूदियों का राजा इसी वर्ष पैदा होगा और उसके बाद हेरोद राजा नहीं रह सकेगा। हेरोद ने जीजस की खोज में अपने सैनिकों की टुकड़ियां भेजी लेकिन वे जीजस के बारे में कुछ पता नहीं लगा सके।

घोर गरीबी के कारण जीजस की पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था तो नहीं हो पाई पर उन्हें बाल्यकाल से ही ज्ञान प्राप्त था। गरीबों, दुखियों व रोगियों की सेवा करना उन्हें बहुत अच्छा लगता था। इतना ही नहीं, बड़े-बड़े धार्मिक नेता भी उनके सवाल-जवाबों से अक्सर चकित हो जाते थे। उन दिनों लोग मूर्तिपूजा किया करते थे और सर्वत्र धर्म के नाम पर आडम्बर फैला था। यीशु ने मूर्तिपूजा के स्थान पर एक निराकार ईश्वर की पूजा का मार्ग लोगों को बताया और उन्हें अपने हृदय में आविर्भूत ईश्वरीय ज्ञान का संदेश सुनाया। उनके उपदेशों से प्रभावित होकर उनके शिष्यों की संख्या दिनोंदिन बढ़ने लगी तथा उनकी दयालुता और परोपकारिता की प्रशंसा सर्वत्र फैल गई, जिससे यहूदियों के पुजारी और धर्म गुरू उनके घोर शत्रु बन गए।

एक बार यीशु प्रार्थना कर रहे थे तो उन्हें अपना शत्रु मान चुके यहूदियों के पुजारी व धर्मगुरू उनको पकड़कर ले गए। जब उन्हें न्यायालय में उपस्थित किया गया तो न्यायाधीश ने राजा और धर्मगुरूओं के दबाव में यीशु को प्राणदंड की सजा सुना दी। यहूदियों ने यीशु को कांटों का ताज पहनाया और फटे कपड़े पहनाकर कोड़े मारते हुए उन्हें पूरे नगर में घुमाया। फिर उनके हाथ-पांवों में कीलें ठोंककर उन्हें 'क्रॉस' पर लटका दिया गया लेकिन यह यीशु की महानता ही थी कि इतनी भीषण यातनाएं झेलने के बाद भी उन्होंने ईश्वर से उन लोगों के लिए क्षमायाचना ही की। सूली पर लटके हुए भी उनके मुंह से यही शब्द निकले, "हे ईश्वर! इन लोगों को माफ करना क्योंकि इन्हें नहीं पता कि ये क्या कर रहे हैं? ये अज्ञानवश ही ऐसा कर रहे हैं।" उसके बाद से ही ईसाई समुदाय द्वारा 25 दिसम्बर अर्थात् ईसा मसीह के जन्मदिवस को क्रिसमस के रूप में मनाया जाने लगा। वास्तव में ईसा मसीह का जन्म ही धर्म और मानवता की स्थापना करने तथा पृथ्वी समस्त मानव जाति को दुख और अंधकार से बचाने के लिए हुआ था।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## भोले मुझसे मिलते



भोले जैसा जो
कोई होता,
मैं उसके संग ही
चल देता,
जब भोले मुझसे
मिलते तो,
मैं सब-कुछ
उनसे कह देता।
भोले जैसा ......
जीवन की आपाधापी में,
मन भर कर खुशियां भर देता,
राह भलें हो कैसी दूभर,
भोले से मैं तो मिल लेता।
भोले जैसा .....
भोले नें जो राह गढ़ी है,
किस्मत उसके साथ खड़ी है,
कदमों को तू साथ मिलाले,
जीवन की अनमोल घड़ी है।
भोले जैसा .....
मन के सारे तोड़ दें बंधन,
और भोले का कर लें वंदन,
कम होंगे फिर सारे क्रंदन,
और होगा माथे पर चंदन।
भोले जैसा ....
जीवन भी घटिया जैसा है,
धरा जैसा ये घूम रहा है,
भोले की सूरत-सा लगता,
मां का पलना झूल रहा है।
भोले जैसा .....



**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम**
गांधीनगर, इन्दौर
मध्यप्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## ए मुसाफिर तुम्हें आगे बढ़ना पड़ेगा

जीवन को बेहतर बनाने के लिए,
सफलता की सीढ़ी में चढ़ना पड़ेगा।
ऐ मुसाफिर तुम्हें आगे बढ़ना पड़ेगा।
अपने हक लिए खुद लड़ना पड़ेगा,
आज जलकर कल रोशन करना पड़ेगा।
ऐ मुसाफिर तुम्हें आगे बढ़ना पड़ेगा।
राहों में चाहे हजार चुनौतियां आए,
उन चुनौतियों से तुम्हें लड़ना पड़ेगा,
ऐ मुसाफिर तुम्हें आगे बढ़ना पड़ेगा।
अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए,
तुम्हें मन लगाकर खूब पढ़ना पड़ेगा।
ऐ मुसाफिर तुम्हें आगे बढ़ना पड़ेगा।
कोई नहीं आएगा दुखों को हरने,
अपने दुखों को खुद हरना पड़ेगा।
ऐ मुसाफिर तुम्हें आगे बढ़ना पड़ेगा।
आज बिखरे जरूर हो तुम लेकिन,
कल अपने आप को संवारना पड़ेगा।
ऐ मुसाफिर तुम्हें आगे बढ़ना पड़ेगा।



**श्याम सुंदर साहू**
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# तुलसी पूजा के साथ क्रिसमस भी मनाएं



**मुस्कान केशरी**
मुजफ्फरपुर,
बिहार

लेखिका मुस्कान केशरी के तरफ से सभी को तुलसी पूजा और क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएँ। हिन्दुस्तान हिन्दूओं का देश जहाँ सभी धर्म, जातियों के लोग साथ में मिलजूल रहते हैं। अपने भारत की पहचान ही है अनेकता में एकता। फिर भी इतनी अजीब सी बात है ना, सनातनी हिन्दू की तुलसी पूजा किसी कों याद नहीं और इसाईयों का क्रिसमस सभी को याद हैं।

### आखिर ऐसा क्यों ?





वों इसलिए क्योकि कुछ बच्चों के माता पिता ने बच्चों कों बताया हैं 25 दिसम्बर कों तुलसी पूजा होता है और इस दिन हमें तुलसी माँ की पूजा करना चाहिए और कुछ माता पिता नें नहीं बताया इसलिए उन्हें क्रिसमस पता है क्योकि सोशल मिडिया सें लेकर,बाजार, स्कूलों, कॉलेज में सब जगह क्रिसमस ही क्रिसमस हैं।

सबसे बड़ी वजह स्कूल/ कॉलेज वाले हैं अगर आप ध्यान से समझे तों इस बात पर ध्यान दे क्रिसमस से पहले सभी स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जहाँ बच्चों कों सेन्टा के कपड़े पहनकर आना होता है, बच्चें उपहार देते हैं। बहुत अच्छी बात है शिक्षक और बच्चों का मन लगता हैं। सभी बच्चे बहुत प्यारे लगते और बहुत मस्ती मजाक के साथ कार्यक्रम समाप्त हो जाता है। बच्चों क्या सिखे कि 25 दिसम्बर कों क्रिसमस होता है सेन्टा आते हैं उपहार देते हैं। अब यहाँ स्कूलों की गलती नजर आती हैं, हमें सभी धर्मो कों मानना चाहिए ना। तों जब कार्यक्रम की शुरुआत होती हैं तों सबसे पहले बताए कि आज तुलसी पूजा हैं सभी बच्चों को तुलसी का पेड़ दें और वृक्षारोपण का कार्यक्रम करवाए और बताए। हम सभी कों आज के दिन तुलसी माँ कों अपने घरों में लगना चाहिए और इनकी पूजा करना चाहिए। उसके बाद क्रिसमस का कार्यक्रम करें। ताकि जब बच्चें घर जाए तों अपने माता पिता, भाई बहन कों बताए और सिखे क्योकि आने वाले भविष्य वही है अगर वों हमारी सभ्यता, संस्कृति कों नहीं देखते,समझते हैं तों समय के साथ खत्म हो जाएगा। किसी कों पता नहीं होगा कि हमें क्या करना चाहिए और क्या नहीं। सभी बस क्रिसमस मनाते रह जाएगा। सभी से निवेदन होगा तुलसी पूजा के साथ क्रिसमस भी मनाए।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# सकारात्मक सोच के साथ वर्तमान को सार्थक बनाएं

### मजबूत वर्तमान सुनहरे भविष्य की आधारशिला

हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी,
रायपुर
छत्तीसगढ

सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षो की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 141 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और



अच्छी शुरुआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है ।यही वजह है कि जिन भी बड़े लोगों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है निसंदेह उन्होंने कठिन परिश्रम अपने लक्ष्य के लिए किया था, है और करेंगे। हर बड़े कार्य को करने के लिए अच्छी योजना ,अच्छा आकलन एवं उस सफलता को अपना बनाने के लिए सही विचार तथा नीतियां बनानी होगी एवं अपने उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण तथा अवलोकन कर उसकी क्षमता का आकलन करना होगा। केवल हवा में सकारात्मक सोच और मनोबल के दम पर किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उत्तम एवं बड़े सकारात्मक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक बड़ी सोच अथक मेहनत एक सुनियोजित नीति एवं पृष्ठभूमि में शांत चित्त मस्तिष्क की आवश्यकता होती है।

सर्वप्रथम हमारे सामने जो उपलब्ध वर्तमान का समय है वर्तमान के अवसर संपूर्ण सदुपयोग कर भविष्य की तमाम सफलताओं को सुनिश्चित किया जा सकता है। हमें सदैव चौकन्ना रहकर जो हमारे सामने समय सीमा है एवं समय के अवसर हैं उन्हें पहचान कर उसका संपूर्ण दोहन कर उपलब्ध संसाधनों का परीक्षण कर समेकित रूप से सब का समुचित उपयोग कर लक्ष्य की प्राप्ति की ओर जागृत होना चाहिए। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा की करोना काल में हमें आपदा में अवसर की तलाश करनी चाहिए और अवसर ही हमें किसी भी विकट परिस्थिति से लड़ने एवं उस पर नियंत्रण रखने की शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करते हैं। यह सकारात्मक सोच का ही परिणाम है की कोविड-19 के संक्रमण में भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में उस पर प्रभावी नियंत्रण किया एवं उस पर विजय प्राप्त की है। यह आसान काम नहीं था किंतु पूरे देश के नागरिकों एवं अग्रिम नेताओं की सकारात्मक सोच तैयारी एवं संसाधनों के समुचित प्रयोग से ही संभव हो पाया। आज हमारे सामने समाज में जो भी हमारे प्रेरणा स्रोत हैं, वे कभी चुनौतियों के सामने झुके नहीं और ना ही उन्हें किसी प्रकार की समाजिक कठिनाई अथवा चुनौती झुका पाई और यही कारण है की वह हमारे प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। इस संदर्भ में हर व्यक्ति को सकारात्मक सोच रख कर अपने मौजूदा संसाधनों का संपूर्ण दोहन कर सटीक नीति और भविष्य की योजनाएं बनाकर उस पर मेहनत करनी होगी और मेहनत से उपजे आत्मबल तथा संयम के साथ किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संपूर्ण ऊर्जा समेकित रूप से केंद्रित कर उस लक्ष्य की प्राप्ति करनी होगी। नागरिकों के समेकित प्रयास अच्छी सोच और कड़ी मेहनत से ही संपूर्ण राष्ट्र वैश्विक स्तर पर एक आदर्श तथा प्रेरणादायक राष्ट्र बनने की क्षमता की ओर आगे बढ़ सकता है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मेरी माँ

तुमसे शुरू, तुमसे ख़त्म, अतुलनीय
हो जिस प्रेम का बन्धन
अब अट्टहास लगे जितने रहे, बाकि
सारे के सारे हो बन्धन!
ज़ब कभी और अभी ढूंढता हूँ, मैं
हज़ारों रिश्ते और नातों में
दूसरा मुझे तुमसा माँ! मुझे एक न
दिखा, इन सारे चाहतों में
पल ही पल में मैं भावुक होता हूँ,
यादों में, तुम्हारी कही बातों में
अब खता कर, लाखों में स्वयं को
ओझल और बिखरा पाता हूँ!
माँ फिर गलती का जुर्माना, तुमसे
अपने पीठ पर डंडी चाहता हूँ!!
तुमसे शुरू, तुमसे ख़त्म,अतुलनीय
हो जिस प्रेम का बन्धन
जता सकूँ या न मिटा सकूँ, भीतर के
भीतर बस करुँ मैं क्रंदन!
दुनिया के बीच पड़ाव में, ख़्वाबों
को बिनने मैं जिधर निकला हूँ
राह में संग कई होंगे! माँ घाव की
दवा तुम, मैं संग तुम्हें ढूंढ़ता हूँ!
ज़ब शिकायत पेटी में अपार शिकायतें
रख और बस करुँ इंतज़ार
माँ! जेह्न में झलके मेरे शिकायते,
तुमसे बातभर में निपटते हज़ार!
चोट,चिंता या हो डूबी सूरज, माँ
तुमसे क्षणिक दर्द मैं पी जाता हूँ!!
तुमसे शुरू, तुमसे ख़त्म,अतुलनीय
हो जिस प्रेम का बन्धन
माँ की दुलार में सिंचित अल्हड़पन,
माँ की गोदी में बीते जीवन!
मिले न दौलत, मिले न सोहरत, मिले
बस माँ की गोदी में फुर्सत
प्राण निकले, मगर मेरी माँ मुझसे
कभी न रूठे, करुँ मैं वंदन!
ख्वाब को पूरा करने के वास्ते, मैंने
कई चापलूसो को देखा हैं
कई मुद्दत से मेरे हिस्से के ख्वाब,
मैंने माँ के आँखों में देखा हैं!
और आज भी विघ्न में दुआ करती,
मैंने माँ को ख्वाब में देखा है!!



**-सौरभ कुमार,**
जामताड़ा
झारखण्ड

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# 2023 की प्रमुख घटनाएं और 2024 की शुभकामनाएं



**केशी गुप्ता**
द्वारका
दिल्ली

वक्त का काम है बदलना 2023 खत्म होने के कगार पर है। नए साल 2024 के आगमन की घड़ियां बीते हर दिन के साथ पास आ रही है। हर साल, हर महीना ,हर दिन, हर पल अपनी यादें छोड़ जाता है। कुछ घटनाएं ऐसी भी होती हैं जो इतिहास के पन्नों में दर्ज़ हो जाती है। 2023 की शुरुआत में जनवरी महीने में देश की कुश्ती खिलाड़ी महिलाओं ने बीजेपी लीडर बृजभूषण शर्मा जो की रेसलर संघ के अध्यक्ष रहे उन पर महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार तथा अभद्र औपचारिक व्यवहार का आरोप लगाया । इसके खिलाफ धरना प्रदर्शन इत्यादि किया। यह मामला अभी तक भी किसी न्यायिक नतीजे पर पहुंच नहीं पाया है। जिस वजह से कुश्ती खिलाड़ियों में असंतुष्टि की भावना साल के अंत में भी नजर आ रही है। जिसके चलते महिला खिलाड़ी साक्षी ने कुश्ती छोड़ संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। वर्ष 2023




फरवरी के महिने में आम आदमी पार्टी के डिप्टी चीफ मिनिस्टर मनीष सिसोदिया को शराब घोटाले मामले में अरेस्ट कर लिया गया। जिस पर कार्यवाही अभी भी जारी है। 23 मार्च को कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को लोकसभा से स्थगित कर दिया गया मोदी सरनेम डिफॉर्मेशन मामले में। 15 अप्रैल को अतीक अहमद और उसके भाई जो कि गैंगस्टर थे उन्हें गोली मार दी गई। अप्रैल महीने में ही खालिस्तान चीफ अमृतपाल सिंह वारिस पंजाब दे को हिरासत में ले लिया गया। 3 मई में 2023 मणिपुर में मताई और कुकी ट्राइब्स के बीच विवाद का मामला सामने आया। इस विवाद की वजह से मणिपुर में हाहाकार मच गया तथा बहुत ही अमानवीय वातावरण बना रहा। 23 अगस्त 2023 को भारत द्वारा चंद्रमा पर चंद्रयान की कामयाबी ने विश्व भर में सुर्खियां बटोरी । जो भारत के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि रही। अगस्त के महीने में ही राहुल गांधी को संसद की सदस्यता वापस मिल गई । सितंबर 2023 मे भारत ने त्र20 की अध्यक्षता की तथा एक पृथ्वी एक उद्देश्य पर जोर दिया। भारत की सर जमीन पर इस अधिवेशन के दौरान त्र20 में सम्मिलित विश्व भर के देश शामिल हुए। जो भारत के लिए एक गौरवपूर्ण बात रही । ऐसा माना जा रहा है कि आज विश्व भर के लोग भारत को विश्व गुरु के रूप में देख रहे हैं । नवंबर के महीने में क्रिकेट वर्ल्ड कप को लेकर देशवासियों में उत्साह बना रहा परंतु दुर्भाग्य वंश भारत-ऑस्ट्रेलिया के हाथों फाइनल मैच चेन्नई में हार गया । जिसका भारतवासियों को दुख रहा। नवंबर महीने में उत्तरकाशी के एक टनल में फंसे 41 मजदूरों की जान बचाई गई। जिस वजह से देश भर में खुशहाली की तरंग फैली । दिसंबर के महीने में हुए स्टेट इलेक्शंस में एक बार फिर भाजपा उभर कर सामने आई जो अब 17 स्टेट्स एंड यूनियन टेरिटरी में पावर में है। 2023 दिसंबर जाते-जाते कोविड-19 के नए वेरिएंट जे एन 1 ने भारत में दस्तक दी । जिसकी वजह से केरल के एक व्यक्ति की मृत्यु भी हुई । इस नए वेरिएंट के बढ़ते मामले सरकार के लिए चिंता का विषय बने हुए है। इस तरह 2023 का सफर संपूर्ण हुआ । यदि हम भारत से बाहर की बात करें तो अभी तक यूक्रेन और रूस का युद्ध जारी है। 7 अक्टूबर 2023 मे शुरू हुऐ आमस युद्ध ने विश्व भर को हिला दिया । जिस वजह से तीसरे विश्व युद्ध की आकांक्षा भी जताई गई। विश्व भर में गिरती आर्थिक व्यवस्था चिंता का विषय बनी हुई है।

हम विश्व भर और देशवासियों को नए साल 2024 की शुभकामनाएं देते हैं और ऐसी मंगल कामना करते हैं कि विश्व भर में शांति तथा आर्थिक उन्नति हो।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# संसद परिसर में उड़ती खिल्ली के भोंडे आयाम

संसद की सीढ़ियों पर जगदीप धनखड़ की देहभाषा, सदन में कार्यवाही को संचालित करने की शैली और सोच-प्रक्रिया का स्वांग-मंचन देखने के बाद से मेरा दिमाग़ चकरघिन्नी बन गया है। इसलिए नहीं कि तृण-तृण के मूल-मूल में रमे राजनीतिक दल के एक सांसद कल्याण बनर्जी अपनी अभिनय कला का प्रदर्शन करने को ऐसे उतावले हो गए कि उन से रहा नहीं गया या ऐतिहासिक तादाद में विपक्षी सांसदों को निलंबित कर देने की सत्तासीन हंटरबाज़ी ने हम सभी की तरह उन्हें भी इतना उद्वेलित कर दिया कि वे आपा खो कर यह सब कर बैठे। इसलिए भी नहीं कि 2024 की गर्मियों में नरेंद्र भाई मोदी को रायसीना पहाड़ी से नीचे लुढ़काने के लिए हो रहे हवन की तैयारियों के गंभीर प्रबंधन में लगे राहुल गांधी किशोर-उछाह के साथ इस दृश्य का अपने फ़ोन-कैमरे में चलचित्रीकरण करने में बेबात ही मशगूल हो गए। मेरा माथा तो इसलिए सन्ना रहा है कि धनखड़ जी और मैं दशकों से एक-दूसरे के प्रीतिपात्र रहे हैं और अब उन्हें इस हाल में देख कर मेरा मन रोने-रोने को कर रहा है।

मेरा स्पष्ट मानना है कि महामहिमों का मखौल नहीं बनाया जाना चाहिए। किसी भी हालत में नहीं बनाया जाना चाहिए। वे अधम से अधम गति को प्राप्त हो जाएं, तब भी उन का मज़ाक बनाना नीतिविरुद्ध है। ऐसा मैं इसलिए नहीं कह रहा हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी पिछले दस बरस से संसद के भीतर और बाहर कई मान्यवरों को अपनी उपहास-कला का उछल-उछल कर निशाना बना चुके हैं। प्रधानमंत्री जी ने ऐसा न किया होता तो भी मैं यही कहता कि कल्याण बनर्जी संसद की सीढ़ियों पर न कुदकते तो बेहतर होता और राहुल गांधी इस नज़ारे का छायांकन करने के बजाय कल्याण को समझाइश देते नज़र आते तो देश इस में उन का बड़प्पन देखता। लेकिन इस बुनियादी तत्व-चिंतन से मेरे भीतर के सांसारिक सवाल शांत नहीं हो पा रहे हैं। मुझे समझ में नहीं आ रहा है कि 'महामहिम' कौन होता है ? उपराष्ट्रपति या राज्यसभा के सभापति?

**-पंकज शर्मा-**

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

C M Y K

# 27 हाथियों के दल ने एनएच 343 को किया जाम,मौके पर पहुंचे एसडीओ,रेंजर

- संवाददाता -
बलरामपुर,24 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के राजपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत गागर नदी के ऊपर बीती रात्रि 27 हाथियों का दल ने दो घंटे तक आवागमन बाधित किया। सडक़ के दोनो साइड वाहन की लंम्बी कतारे गई थी। मौके पर फारेस्ट एसडीओ, रेंजर व पुलिसकर्मी पहुंचकर रास्ते क्लियर कराया इसके बाद आवागमन चालू हो पाया। प्रतापपुर क्षेत्र से 27 हाथियों का दल 15 दिन से पहुंचकर राजपुर वन परिक्षेत्र के चाची, नरसिंहपुर, धंधापुर गांव में विचरण कर बीती रात्रि 8 बजे गागर नदी के एनएच 343 पर दो घंटे तक मस्ती करते रहे सडक़ के दोनो साइड वाहनों की लंबी कतारे गई थी सूचना पर फारेस्ट एसडीओ आरएसएल श्रीवास्तव, रेंजर महाजन लाल साहू, पुलिसकर्मी प्रदीप यादव, रिंकू कश्यप आदि पहुंचकर रास्ता क्लीयर कराया इसके बाद आवागमन चालू हुआ। रात्रि 3 बजे 26 हाथियों का दल धौरपुर लुंड्रा बॉर्डर पर पहुंचकर विचरण कर रहा है एक हाथी चाची के सुपकोना जंगल में विचरण कर रहा है।




वन विभाग हाथियों से बचाव के लिए ग्रामीणों को टार्च, मशाल, पम्पमलेट, मिर्च पाउडर प्रदान कर लाउडस्पीकर से अनाउंस करा रहे हैं। चाची, खुखरी, मंदरीडांड़, सुटकोना, दुप्पी, बुढाडाड, मरकाडाड, चौरा, लोधीडाड, चिलमा, नरसिंहपुर, गोपालपुर, करवा, मुरका, दबगड़ी आदि गांवों में हाथियो से दूर रहने के लिए लाउडस्पीकर से अनाउंस करा रहे हैं।वन परिक्षेत्राधिकारी महाजन लाल साहू ने कहा कि ग्रामीणों की हाथियों से जो नुकसान हुआ है उन्हें मुआवाज दिया जाएगा। बीती दरम्यानी रात्रि 26 हाथियों के दल को गांव से बाहर निकाला गया है वर्त्तमान में धौरपुर लुंड्रा बॉर्डर पर विचरण कर रहा है एक हाथी चाची के सुपकोना जंगल में विचरण कर रहा है।ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की समझाइश दी जा रही हैं।27 हाथियों का दल पहुंचा चांची, मौके पर पहुंचे एसडीओ और रेंजर, जन चौपाल लगाकर ग्रामीण को दी समझाइश।

# अलग-अलग स्थानों से 1940 बोरी धान जब्त



» अवैध धान भण्डारण में जिला प्रशासन की बड़ी छापेमार कार्यवाही

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

अवैध धान भण्डारण और परिवहन पर कार्रवाई करने जिला प्रशासन सक्रिय है। कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देशन में कोचियों-बिचौलियों पर लगातार नजर रखकर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन की टीम ने बड़ी छापेमार कार्यवाही की, जिसमें अलग-अलग स्थानों से 1940 बोरी धान जब्त किया गया।

टीम द्वारा सूचना प्राप्त होते ही तत्काल विकासखण्ड अम्बिकापुर के महामाया ट्रेडिंग से 310 बोरी अवैध धान, जेके ट्रेडिंग से 400 बोरी अवैध धान, आदर्श ट्रेडिंग से 300 बोरी अवैध धान एवं कृष्णा ट्रेडिंग से 800 बोरी अवैध धान जब्त कर लिया गया।

इसी प्रकार विकासखण्ड सीतापुर के ग्राम भवराडांड के अमित किराना दुकान से कुल 25 बोरी अवैध धान, ग्राम सहनपुर के राधा जनरल स्टोर से 35 बोरी अवैध धान, ग्राम मुरता के गुप्ता जनरल स्टोर से कुल 20 बोरी अवैध धान तथा ग्राम आमाटोली के गुप्ता स्टोर से कुल 50 बोरी अवैध धान जब्त कर लिया गया। राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दुकान संचालकों से धान के सम्बंध में दस्तावेज की मांग किए जाने पर किसी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर धान जब्त कर लिया गया।

# 400 नग नशीले इंजेक्शन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कोतवाली पुलिस ने 400 नग नशीले इंजेक्शन के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी रविवार को प्रतिक्षा बस स्टैंड के पास निगम कंप्लेक्स के पीछे बाइक में नशीले इंजक्शन रखकर बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। जब्त नशीले इंजेक्शन की कीमत 2 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



कोतवाली टीआई राजेश ड्क्षसह को रविवार की सुबह मुखबिर से जानकारी मिली की प्रतिक्षा बस स्टैंड के पास निगम कंप्लेक्स के पीछे दो युवक बाइक में नशीले इंजेक्शन रखकर बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली टीआई ने प्रतिक्षा बस स्टैंड पुलिस सहायता केन्द्र प्रभारी एएसआई अभिषेक पांडेय के साथ टीम बनाकर मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दोनों युवकों को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उनके कब्जे से 400 नग नशीले इंजेक्शन पाया गया। जिसे जब्त कर आरोपी घनश्याम यादव उर्फ बबलू पिता स्व. महेश्वर यादव उम्र 32 वर्ष निवासी गुदरी चौक अम्बिकापुर व राकेश सिंह उर्फ मोनू पिता स्व. अशोक सिंह उम्र 33 वर्ष निवासी डीसी रोड जनपदपारा बंसल गली अंबिकापुर को गिरफ्तार किया गया। जब्त नशीली इंजेक्शन की कीमत 2 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 21 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, आरक्षक मंटू गुप्ता, विमल कुमार, अतुल सिंह, संजय तिवारी शामिल रहे।

# प्रभु यीशु के जन्मदिन पर गिरिजाघरों में हुए विशेष अनुष्ठान

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 24 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

प्रभु यीशु के जन्मदिन पर गिरिजाघरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वहीं मसीही समाज के लोग अपने-अपने घरों को भी रंग-बिरंगी रोशनी से सजाए थे। 24 दिसंबर को शाम होते ही काफी संख्य में समाज के महिला-पुरूष व बच्चे गिरजाघरों में पहुंचना शुरू कर दिए थे। रात 9 बजे से अनुष्ठान शुरू हो गए थे। मुख्य आयोजन नावापारा गिरजाघर में आयोजित किया गया था। यहां काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। रात 12 बजते ही गिरिजाघर का घंटा बजते ही लोग प्रभु यीशु के जन्मोत्व मनाने में जुट गए। आतिशबाजियां शुरू हो गई। गिरजाघरों सहित समाज के लोगों ने अपने-अपने घरों में केक काट काटा और जश्न मनाया। इसके बाद बधाई का सिलसिला शुरू हो गया।



मसीही समाज का सबसे बड़ा पर्व क्रिसमस धूमधाम से मनाया गया। इसकी तैयारी पूर्व से की गई थी। मसीजी समाज अपने-अपने घरों को क्रिसमस पर्व पर आकर्षक लाइट व एक्समस ट्री से सजाए थे। वहीं अपने-अपने घरों में भी आकर्षक चरनी तैयार किए थे। चरनी को भी आकर्षक लाइट से सजा रखा था। वहीं रात 12 बजते ही प्रभु यीशु का जन्मोत्सव मनाया गया। मुख्य आयोजन नावापारा स्थित महागिरजा घर में आयोजित किए गए थे। यहां काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। विशप अंतोनिश बड़ा की अगुवाई में परंपरागत ढंग से विविधि धार्मिक अनुष्ठान कराए गए। व्हीकल जनरल फादर विलीयम उर्रे, पुरोहित फादर जार्ज ग्रे कुजूर के नेतृत्व में सारी तैयारी की गई थी। वहीं जिला मुख्यालय अंबिकापुर के अलावा मैनपाट, सीतापुर, बतौली, लुण्ड्रा, उदयपुर, दरिमा में भी गिरजाघरों में क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। नवापारा गिरजाघर के अलावा बिशप हाउस में क्रिसमस को लेकर आकर्षक चरनी सजाए गए थे। क्रिसमस ट्री, विशेष लाइटिंग से चरनी जगमगा रहा था। 24 दिसंबर की रात 12 बजते ही लोगों ने केक काट कर जश्न मनाया और एक दूसरे को बधाइयां दीं। वहीं श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए गिरजाघरों में विशेष व्यवस्था की गई थी। रात 12 बजे जैसे ही गिरजाघरों का घंटा बजा लोग जश्न में डूब गए। विशप अंतोनिश बड़ा की अगुवाई में प्रभु यीशु का जन्म कराया गया। इसके साथ ही लोगों ने केक काटा और आतिशबाजी शुरू कर दी। इसके बाद धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गया। वहीं लोगों ने पूरी रात नाचते गाते नजर आए।

# यह मेरी नहीं भाजपा कार्यकर्ता और जनता की जीत है : राजेश अग्रवाल

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 24 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

अम्बिकापुर विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक राजेश अग्रवाल के आभार प्रदर्शन यात्रा स्थानीय अग्रसेन भवन से निकल कर घड़ी चौक पहुँची। यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व शहरवासी शामिल हुए। यात्रा गाजे-बाजे के साथ शहर के मुख्य मार्ग अग्रसेन चौक, जयस्तम्भ चौक, सदर रोड, देवीगंज रोड होते हुए घड़ी चौक पहुँची जहाँ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा में मालयनपर्ण कर यात्रा का समापन किया गया। यात्रा के शुरुवात में विधायक राजेश अग्रवाल का अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन भवन में भव्य स्वागत किया गया तत्पश्चात मुख्य मार्गों में विभिन्न संगठनों व वर्गों ने पुष्प वर्ष कर व पटाखे फोड़, मिठाईयां वितरण की गई व नवनिर्वाचित विधायक राजेश अग्रवाल का स्वागत किया।आभार यात्रा के दौरान जयस्तम्भ चौक में शहर के युवाओं ने ढोल नगाड़े व पटाखों के साथ भव्य स्वागत किया जिसमें मेवे से नवनिर्वाचित विधायक राजेश अग्रवाल को तौल कर मेवे को सभी मे बाट कर जीत का जश्न मनाया। देवीगंज रोड में जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता के निवास पर अपने परिवार साथ नव निर्वाचित विधायक का भव्य स्वागत किया। बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ विधायक राजेश अग्रवाल ने पूरे मार्ग में हाथ जोड़ कर नगर के जनता का आभार जताया। यात्रा के समापन उपरांत भाजपा कार्यालय में भी महिला मोर्चा द्वारा स्वागत किया गया। कार्यालय में विधायक राजेश ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं व आम जन के सहयोग से भारतीय जनता पार्टी का विधायक अम्बिकापुर विधानसभा से जीत कर आया हैं जिसका पूरा श्रेय भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता व आम जनता को जाता है। उन्होंने बूथ, शक्तिकेंद्र, मंडल, जिला, मोर्चा, प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। संकल्प भवन के आभार कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा हमारे नव निर्वाचित विधायक मिलनसार, सरल व्यक्तित्व वाले और भाजपा के एक आम कार्यकर्ता रहे हैं, भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, और हम सब को मिल कर क्षेत्र के विकास में अपना योगदान देना है। आभार कार्यक्रम में भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में आम लोग भी उपस्थित रहे।



# गढ़वा से पिकनिक मनाने आया युवक पलटन घाट में डूबा

- संवाददाता -
रामानुजगंज, 24 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

झारखंड के गढ़वा से पिकनिक मनाने रविवार को रामानुजगंज के पलटन घाट आया एक युवक नहाने के दौरान पलटन घाट में डूब गया। साथियों ने उसे डूबते देखा तो बचाने का प्रयास किया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। घटना के ढाई घंटे बाद नगर सेना की गोताखोर टीम करीब 4.30 बजे पलटन घाट पहुंची। गोताखोरों द्वारा डूबे युवक की खोजबीन की जा रही है। दरअसल युवक दवा दुकान में कंप्यूटर ऑपरेटर था। वह मेडिकल दुकान संचालक सहित अन्य स्टाफ के साथ पिकनिक मनाने आया था।



झारखंड के गढ़वा जिला अंतर्गत सोनपुरवा निवासी गांधी इंटरप्राइजेज दवा दुकान का संचालक अमित केसरी अपने दुकान के 7 स्टाफ को लेकर रविवार को पिकनिक मनाने पलटन घाट आया था। रविवार की दोपहर करीब 2 बजे सभी नहाने के लिए कन्हर नदी में उतरे। इसी दौरान दुकान में कंप्यूटर ऑपरेटर का काम करने वाले उज्जवल प्रसाद यादव पिता रामजी यादव उम्र 20 वर्ष का पैर फिसल गया और वह गहराई में चला गया। उसे बचाने के लिए तत्काल उसका साथी राज सिंह भी नदी में कूद गया, लेकिन वह भी तैरना नहीं जानता था। वह भी पानी में डूबने लगा। यह देख पिकनिक मनाने पहुंचे नगर के कुछ लोग दौडक़र वहां पहुंचे और जान बचाने की कोशिश की, लेकिन उज्ज्वल को नहीं बचाया जा सका। उज्जवल के डूबने के बाद उनके अन्य साथियों को तैरना नहीं आता था। इसके बाद सभी ने मानव चेन बनाकर उज्जवल को बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन उसमें वे सफल नहीं हुए। गांधी इंटरप्राइजेज के संचालक अमित केसरी ने बताया कि वे लोग यहां बीते 10 वर्ष से पिकनिक मनाने आ रहे थे। उज्जवल भी तीन-चार वर्षो से साथ में आता था। हम लोग यहां आकर काफी सतर्क थे, इसके बावजूद यह अनहोनी हो गई।

# जिले में 18 क्षेत्रों में कार्य करने वाले पात्र व्यक्तियों को मिलेगा योजना का लाभ

» चॉइस सेंटर के माध्यम से कर सकते हैं पीएम विश्वकर्मा योजना पोर्टल पर पंजीकरण

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 24 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत पात्र लोगों को सरकार की तरफ से 3 लाख रुपये का ऋण 5 प्रतिशत रियायती ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। पहले चरण में पात्र व्यक्तियों को एक लाख रुपये का ऋण दिया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में 2 लाख रुपये तक का लोन लिया जा सकता है।

हितग्राहियों को कौशल सत्यापन के बाद 5 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण तथा 15 दिन या उससे अधिक उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में 500 रुपये का दैनिक भत्ता देने का प्रावधान है। टूलकिट प्रोत्साहन के रूप में 15,000 रुपये का अनुदान देने की सुविधा है। डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन के रूप में प्रतिमाह अधिकतम 100 रूपए के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन 1 रुपए निर्धारित है।

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना अंतर्गत 18 क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्ति इसका लाभ उठा सकते हैं। इनमें राजमिस्त्री, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, ताला बनाने वाले, बढ़ई, लोहार, सुनार, अस्त्रकार, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाले, पत्थर तोड़ने वाले, मोची/जूता बनाने वाला कारीगर, नाव निर्माता, टोकरी/चटाई/झाड़ू बनाने वाला, गुड़िया और खिलौना निर्माता, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, फिशिंग नेट निर्माता इस योजना का लाभ उठाने के लिए चॉइस सेंटर के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा योजना पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते है। आवश्यक दस्तावेज - इसके लिए आधार, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, बैंक विवरण एवं राशन कार्ड की आवश्यकता होगी।

इस योजना का लाभ लेने के लिए आयु 18 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। स्वरोजगार/व्यवसाय विकास योजनाओं के तहत हितग्राही ने पिछले 5 वर्ष में किसी भी शासकीय योजना अंतर्गत ऋण न लिया हो। योजना के तहत परिवार का एक ही सदस्य पात्र होगा। सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्य योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में कार्यालयीन समय पर संपर्क किया जा सकता है।

# मदिरा दुकान में शराब बोतलों में मिलावट संबंधी खबरों पर प्रशासन द्वारा लिया गया संज्ञान

» वायरल वीडियो की कराई गई जांच, स्थान और समय स्पष्ट नहीं...

» वीडियो में शामिल कर्मी पूर्व में ही विभिन्न अनियमितता पर किया जा चुका हैं सेवा से पृथक

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 24 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

विभिन्न समाचार माध्यमों से प्राप्त मदिरा दुकान में शराब की बोतलों में मिलावट संबंधी खबरों पर प्रशासन द्वारा त्वरित संज्ञान लिया गया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि समाचार माध्यमों से प्राप्त खबर और संबंधित वायरल वीडियो की जांच पड़ताल कराई गई तथा जांच उपरांत यह पाया गया कि संबंधित वीडियो के स्थान व समय के संबंध में स्पष्टता नहीं है, इसके साथ ही उन्होंने बताया कि वीडियो में दर्शित व्यक्ति बृज बिहारी गुप्ता, विजय नंद राजवाड़े, सुरेश कुमार राजवाड़े एवं रामसेवक तिर्की विदेशी मदिरा दुकान बौरीपारा में पूर्व में स्टॉफ के रूप में कार्यरत थे, जिन्हें विभाग द्वारा की जाने वाली नियमित एवं रूटीन जांच में पूर्व में ही मदिरा में मिलावट की संदिग्धता, ग्राहकों से दुर्व्यवहार संबंधित शिकायतों एवं संदिग्ध आचरण के आधार पर दिनांक 13 दिसंबर 2023 को सेवा से पृथक करके ब्लैकलिस्टेड करने की कार्यवाही की गई थी। साथ ही पूर्व में भी विदेशी मदिरा दुकान बौरीपारा में बिक्री राशि में अनियमितता के मामले में संबंधित एक कर्मी नितेश यादव को सेवा से पृथक किया जाकर ब्लैकलिस्टेड किया गया था। ज्ञातव्य है कि वीडियो में दिख रहे कर्मी पूर्व में ही सेवा से पृथक कर दिये गये थे। जिले की विभागीय टीम एवं संभागीय उड़नदस्ता की टीम द्वारा मदिरा दुकानों की नियमित निरीक्षण एवं जांच कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में मिलावट एवं अन्य अनियमितताओं से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं है।



# फ्रांस के एयरपोर्ट पर फंसे भारतीयों का अब क्या होगा ? कोर्ट आज करेगा सुनवाई

पेरिस, 24 दिसम्बर 2023। फ्रांस के एयरपोर्ट पर फंसे भारतीयों को लेकर आज अहम फैसला आ सकता है। दरअसल फ्रांस की कोर्ट आज इस मामले पर सुनवाई करेगी। बता दें कि दुबई से निकारागुआ जा रहा एक चार्टर्ड प्लेन फ्रांस के वेट्री एयरपोर्ट पर रोका गया है। दरअसल मानव तस्करी के शक में फ्रांस की पुलिस ने विमान को रोका है और आज फ्रांस की कोर्ट इस मामले पर सुनवाई करेगी।




### क्या होगा विमान में फंसे भारतीयों का ?

बता दें कि फ्रांस के कानून के मुताबिक फ्रांस की बॉर्डर पुलिस चार दिनों तक विदेशी नागरिकों को फ्रांस में रोक कर रख सकते हैं। विशेष परिस्थितियों में आठ दिनों तक विदेशी लोगों को रोका जा सकता है। वहीं जज के आदेश पर अपवाद की स्थिति में यह ठहराव 26 दिनों का भी हो सकता है। फ्रांस में स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारियों को काउंसलर एक्सेस दिया गया है और वह प्रभावितों से मिलकर उनकी सुविधाओं का ख्याल रख रहे हैं। साथ ही दूतावास के अधिकारी फ्रांस की सरकार के साथ भी समन्वय करके काम कर रहे हैं।

### एयरपोर्ट पर ही लगाए गए बिस्तर

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान में सवार 10 भारतीय यात्रियों ने फ्रांस में शरण मांगने के लिए आवेदन भी कर दिया है। साथ ही छह अन्य नाबालिगों ने भी फ्रांस में शरण मांगने की इच्छा जाहिर की है। बता दें कि एयरपोर्ट पर फंसे भारतीयों के लिए फ्रांस की सरकार ने एयरपोर्ट पर ही बिस्तर लगा दिए हैं और उनके लिए टॉयलेट और नहाने की व्यवस्था भी कर दी गई है। लोगों को खाना और ड्रिंक्स भी दी जा रही हैं।

### क्या है मामला

बता दें कि लीजेंड एयरलाइंस के एक चार्टर्ड प्लेन ने बीते गुरुवार को निकारागुआ के लिए उड़ान भरी थी। विमान में तकनीकी दिक्कत के चलते उसे फ्रांस के वेट्री एयरपोर्ट पर उतारा गया था। यह एयरपोर्ट फ्रांस की राजधानी पेरिस से करीब 150 किलोमीटर दूर है। इसी बीच फ्रांस की पुलिस को सूचना मिली की विमान के द्वारा मानव तस्करी की जा रही है, जिसके बाद पुलिस ने विमान को एयरपोर्ट पर ही रोक लिया। विमान में 300 से ज्यादा लोग सवार हैं और अधिकतर भारतीय मूल के हैं। वहीं लीजेंड एयरलाइंस की वकील ने अपने बयान में कहा है कि एयरलाइंस ने कुछ भी गलत नहीं किया है और अगर फ्रांस ने आरोप तय किए तो वह भी कानूनी कार्रवाई करेंगे।

# अमेरिका ने रूस के खिलाफ युद्ध के लिए भेजी थी मदद

हथियार खरीदने की जगह करोड़ो डकार गए यूक्रेनी अफसर

कीव, 24 दिसम्बर 2023। यूक्रेन रक्षा मंत्रालय के उच्च पदस्थ अधिकारी को सशस्त्र समझौते से संबंधित 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर गबन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यूक्रेन के सुरक्षा सेवा (एसबीयू) ने आरोप लगाया कि अधिकारी ने पिछले साल दिसंबर में गोला-बारूद के एक बड़े बैच की खरीद के लिए एक विशेष निर्यात कंपनी के साथ समझौता किया था। उन्होंने दावा किया कि उनके पास उनके पास इन अवैध गतिविधियों को साबित करने के लिए दस्तावेज भी है।



### गबन किए गए रकम की वसूली का प्रयास जारी

दोष साबित होने पर आरोपी को 15 साल की सजा हो सकती है। यूक्रेनी मंत्रालय ने गबन किए गए रकम की वसूली के प्रयास शुरू किया है। यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय के प्रेस और सूचना विभाग के प्रमुख इलारियन पावलियुक ने बताया कि समझौते में संबंधित डिल्वरी के बिना भुकतान शामिल था। हालांकि, अब इस समझौते को खत्म करने और गबन के पैसे वापस पाने के रास्ते की तलाश की जा रही है।

सितंबर में यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने देश के रक्षा मंत्रालय से जुड़े कई भ्रष्टाचार घोटालों को उजागर करते हुए रक्षा मंत्री ओलेस्की रेजनिकोव को बर्खास्त किया था। मीडिया के अनुसार अमेरिका ने यूक्रेन से सरकारी भ्रष्टाचार से निपटने के पयासों में तेजी लाने का अनुरोध किया है। अधिकारियों ने खुलासा किया कि अमेरिका ने इस मामले में कई नोटिस जारी किए हैं।

भ्रष्टाचार मामले में चिंता व्यक्त करते हुए जेलेंस्की ने इस साल अमेरिकी सांसदों से मुलाकात के लिए वॉशिंग्टन का दौरा किया।

# डोमिनिकन गणराज्य के राजदूत के निधन पर जयशंकर ने जताया शोक, कहा-भारत के असाधारण मित्र

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर 2023 । भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को डोमिनिकन गणराज्य के राजदूत हांस डैनेनबर्ग के निधन पर शोक जताया है। जयशंकर ने कैरेबियाई राष्ट्र के पूर्व दूत को भारत का असाधारण मित्र बताया है।



जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, पूर्व राजदूत हांस डैनेनबर्ग के निधन के बारे में जानकर दुखी हूं। वह भारत के एक असाधारण मित्र थे। उन्होंने आगे कहा, नई दिल्ली में डिप्लोमेटिक कोर्प्स के डीन के तौर पर उनके कार्यकाल को याद रखा जाएगा। हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ है।

बता दें कि साल 2006 से लेकर 2021 तक वह भारत में राजदूत रहे और न दिल्ली में डिप्लोमेटिक कोर्प के रूप में कार्य किया। इस साल के शुरुआत में उन्हें कनाडा में डोमिनिक गणराज्य के राजदूत के तौर पर नियुक्त किया गया था। उन्होंने लगभग 20 वर्षों तक डोमिनिक गणराज्य के विदे मंत्रालय में काम किया।

# चीन ने फिर की ताइवान में घुसपैठ, रक्षा मंत्रालय का दावा- आठ चीनी फाइटर जेट्स सीमा में घुसे

ताइपे, 24 दिसम्बर 2023। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि चीन के विमानों ने उनके हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की। ताइवान के रक्षा मंत्रालय का ये भी कहना है कि चीन के विमानों के साथ ही चीनी गुब्बारा भी ताइवान के हवाई क्षेत्र में दाखिल हुआ। बता दें कि चीन और ताइवान के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, वहीं ताइवान खुद को चीन का हिस्सा नहीं मानता है और खुद को स्वतंत्र राष्ट्र मानता है। ताइवान को अमेरिका का समर्थन प्राप्त है।

### चीन के फाइटर जेट ने ताइवान की सीमा में की घुसपैठ

ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चीन के जे-10, जे-11 फाइटर जेट्स ने स्ट्रेट ऑफ मीडियन लाइन को पार किया। बता दें कि स्ट्रेट ऑफ मीडियन लाइन को दोनों देशों के बीच की अनाधिकारिक जलसीमा है। हालांकि बीते कुछ समय से चीन के विमान और सर्विलांस जहाज लगातार इस सीमा का उल्लंघन कर रहे हैं। सीमा उल्लंघन की जानकारी होने पर ताइवान ने अपनी सेना भी स्थिति की समीक्षा के लिए मौके पर भेजी। ताइवान के रक्षा मंत्रालय का दावा है कि चीन के एक गुब्बारे ने भी ताइवान की सीमा में प्रवेश किया। गुब्बारे ने शनिवार की सुबह ताइवान के हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की और यह ताइवान के तटीय शहर कीलुंग तक पहुंच गया था।



बता दें कि ऐसा ही एक गुब्बारा कुछ समय पहले अमेरिका में देखा गया था। अमेरिका ने दावा किया था कि यह जासूसी गुब्बारा था और अमेरिका ने गुब्बारे को निशाना बनाकर गिरा दिया था। इससे पहले अप्रैल में भी चीन के फाइटर जेट्स ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ की थी। गौरतलब है कि ताइवान में अगले साल जनवरी में आम चुनाव होने हैं। इन चुनावों पर अमेरिका और चीन के गहरे रणनीतिक हित जुड़े हैं। यही वजह है कि ताइवान का चुनाव अमेरिका बनाम चीन हो गया है और पूरी दुनिया की नजरें इन चुनावों पर लगी है।

# इमरान खान को नहीं मिली राहत,तोशाखाना मामले में सुप्रीम कोर्ट ने वापस लौटाई याचिका

इस्लामाबाद,24 दिसम्बर 2023। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब तोशाखाना मामले में इमरान खान को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान की याचिका वापस लौटा दी है। इमरान खान ने तोशाखाना मामले में अपनी जेल की सजा रद्द करने की मांग की थी। हालांकि फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने इमरान को राहत देने से इनकार कर दिया है।



### इस्लामाबाद हाईकोर्ट के फैसले को दी थी चुनौती

इमरान खान की तरफ से उनके वकील लतीफ खोसा ने पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 185 के तहत सजा रद्द करने की अपील की थी। इस पर शनिवार को सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार ऑफिस ने याचिका को वापस लौटा दिया। याचिका में 11 दिसंबर 2023 को इस्लामाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। बता दें कि इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने भी इमरान खान की सजा माफी की अपील की थी। हाईकोर्ट ने भी याचिका खारिज कर दी थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने किन वजहों से लौटाई याचिका

बता दें कि इमरान खान को सरकारी खजाने के तोहफों को बेचने का आरोप लगा था। ये तोहफे इमरान खान को विदेश दौरों पर मिले थे। इस मामले (तोशाखाना मामला) में इमरान खान को बीती 5 अगस्त को तीन साल जेल की सजा सुनाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान की याचिका लौटाते हुए बताया कि याचिका में कई कमियां हैं और इसमें पूरे विवाद की क्रोनोलॉजी रिकॉर्ड संलग्न होने चाहिए। साथ ही याचिका में इस बात का भी जिक्र होना चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट को याचिका पर क्यों सुनवाई करनी चाहिए और इसके साथ विभिन्न तथ्यों से जुड़े दस्तावेज भी होने चाहिए।

बता दें कि तोशाखाना मामले में दोषी पाए जाने के बाद पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने संविधान के अनुच्छेद 62(1)(एफ) के तहत इमरान खान को चुनाव लड़ने से भी अयोग्य घोषित कर दिया है। बता दें कि पहले दोषी को जीवनभर चुनाव लड़ने से अयोग्य करार देने का प्रावधान था लेकिन बीते दिनों हुए संशोधन के बाद यह अयोग्यता पांच साल तक सीमित कर दी गई है।

# ताइवान में एक लाख भारतीयों को नौकरी देने वाला दावा निकला फर्जी,श्रम मंत्री ने बताया चुनावी हथकंडा

ताइपे, 24 दिसम्बर 2023 । कुछ समय से खबरें सामने आ रही थीं कि भारत और ताइवान के बीच नौकरियों को लेकर एक अहम समझौता होने जा रहा है। इस समझौते के तहत ताइवान में भारत के एक लाख श्रमिकों को नौकरी मिलेगी। लेकिन अब इन रिपोर्ट पर ताइवान के श्रम मंत्री सू मिंग-चुन ने विराम लगा दिया है। उन्होंने शनिवार को बताया कि भारत से एक लाख प्रवासी श्रमिकों को ताइवान लाने की कोई योजना नहीं है।

उनकी टिप्पणी कुओमितांग (केएमटी) के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होउ यू-इह के बयान के संदर्भ में आई है।

### ताइवान का दरवाजा खोलने वाला दावा फर्जी

सू मिंग-चुन ने कहा कि ताइवान ने प्रवासी श्रमिकों को लाने के लिए भारत के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि श्रमिकों को लाने का मामला रोजगार सहयोग के संबंध में था। उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि भारतीय श्रमिकों के लिए ताइवान का दरवाजा खोलने वाला दावा फर्जी है। हमने कभी भी भारतीय श्रमिकों को यहां लाने की मांग नहीं की थी।



उन्होंने कहा कि ये दावे गलत इरादे वाले लोगों द्वारा चुनावी लाभ के लिए लोगों की राय को हेरफेर करने के लिए किए गए हैं।

### पहले ही हस्ताक्षर किया जा चुका

एक रिपोर्ट के अनुसार, सू मिंग-चुन का बयान केएमटी के उम्मीदवार होउ द्वारा एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला दिए जाने के बाद आया है, जिसमें दावा किया गया है कि भारतीय प्रवासी श्रमिकों को लाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर पहले ही हस्ताक्षर किया जा चुका है।

### बूढ़ी होती आबादी से परेशान है ताइवान

एक रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान अपनी आबादी की बढ़ती उम्र से परेशान है। अगले दो साल में यानी 2025 तक ताइवान की 20 प्रतिशत से ज्यादा आबादी 80 साल की हो जाएगी। ताइवान के अलावा भी कई देश इसी समस्या से परेशान हैं। हाल ही में इजरायल ने एक लाख भारतीयों को कंस्ट्रक्शन और नर्सिंग क्षेत्र में नौकरी देने की पेशकश की थी। श्रमिकों की मोबिलिटी को लेकर भारत का जापान, आस्ट्रेलिया, फ्रांस समेत 13 देशों के साथ समझौता हो चुका है। इनमें से ज्यादातर देश आबादी के बूढ़े होने की समस्या से परेशान हैं।

# लाल सागर में एक और जहाज पर ड्रोन से हमला,भारत का झंडा लगा होने का दावा, हूतियों ने बनाया निशाना



वॉशिंगटन, 24 दिसम्बर 2023। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने रविवार सुबह लाल सागर में एक और तेल ले जा रहे जहाज को निशाना बनाया। बताया गया है कि इस जहाज पर भारत के 25 क्रू सदस्य सवार थे, जो कि पूरी तरह सुरक्षित हैं। पहले दावा किया जा रहा था कि इस तेल टैंकर पर भारत का झंडा लगा था। हालांकि, भारतीय नौसेना ने इस बात से इनकार किया है। जहाज पर ड्रोन से हमला किया गया, जिसके बाद इससे क्षेत्र में ही मौजूद एक अमेरिकी युद्धपोत को खतरे का सिग्नल भेजा गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के दावे को नकारते हुए भारतीय नौसेना के एक अधिकारी ने कहा कि एमवी साईबाबा एक गैबॉन के झंडे वाला टैंकर है। हालांकि, इसे सर्टिफिकेशन भारत के रजिस्टर ऑफ शिपिंग से मिला है। दुनियाभर के पोत अलग-अलग देशों से रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट हासिल कर सकते हैं।

अमेरिकी सेना की ओर से जारी बयान के मुताबिक, गैबॉन का यह तेल टैंकर ड्रोन के निशाने पर आ गया। हालांकि, घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बताया गया है कि अमेरिकी सैनिकों को एक साथ दो जहाजों की ओर से हमले से घिरे होने की सूचना मिली। इनमें एक नॉर्वे के झंडे वाला केमिकल टैंकर एमवी ब्लामानेन था। हूतियों का ड्रोन इसे निशाना बनाने से चूक गया। हालांकि, भारत के झंडे वाला एमवी साईबाबा ड्रोन हमले की जद में आ गया।

### लाल सागर में अमेरिका नौसेना भी है तैनात

अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसके युद्धपोतों ने अब तक यमन से उड़ान भरने वाले हूतियों के चार ड्रोन्स को मार गिराया है। इससे पहले शनिवार को अरब सागर में इस्राइल से जुड़े एक टैंकर को निशाना बनाने का आरोप भी ईरान समर्थित इन्हीं हूती विद्रोहियों पर आया है। अमेरिकी सेना का कहना है कि अक्तूबर 17 के बाद शनिवार की घटनाएं हूतियों की तरफ से किसी वाणिज्यिक जहाज पर हमले की 14वीं और 15वीं घटना हैं।

# मंदिर में तोड़फोड़ मामले में भड़के भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद,आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

कैलिफोर्निया,24 दिसम्बर 2023। अमेरिका के कैलिफोर्नियां में शनिवार को स्वामी नारायण मंदिर में हुई तोड़फोड़ की भारतीय मूल के अमेरिकी सांसदों ने कड़ी निंदा की है। सांसद रो खन्ना ने कहा कि वह इस बात से खुश है कि इस घटना के खिलाफ पूरा समुदाय एकसाथ है और वे साथ में मंदिर की इमारत पर लिखे नारे को मिटा रहे हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस घटना की निंदा करते हुए उन्होंने कहा, अमेरिकी लोकतंत्र में पूजा करने की स्वतंत्रता है। जिन लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। मुझे इस बात की खुशी है कि इसके खिलाफ समुदाय एक साथ खड़े होकर मंदिर की इमारत में लिखे नारे को हटा रहे हैं।

भारतीय मूल के एक अन्य सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने स्वामीनारायण मंदिर में हुए तोड़फोड़ को घृणित कार्य करार दिया है। उन्होंने बताया कि वह इस बात से खुश हैं कि लोग मंदिर के समर्थन में एकजुट हो रहे हैं। सांसद कृष्णमूर्ति ने कहा, हमें ऐसे समय में एकसाथ होना चाहिए। जिसने भी मंदिर में तोड़फोड़ की है उसे जवाब देना होगा।

इस घटना की सांसद श्री थानेदार ने भी कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस जघन्य अपराध की गहन जांच की मांग की है। वहीं कैलिफोर्निया की सांसद बारबरा ली ने कहा, किसी भी रूप में नफरत बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आरोपियों को पकड़कर कानून के तहत दंडित किया जाना चाहिए। हमें हर जगह से हिंदूफोबिया को जड़ से उखाड़ फेंकना चाहिए।




सैन फांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने भी मंदिर में हुए तोड़फोड़ की निंदा की है। उन्होंने कहा, इस घटना ने भारतीय समुदाय के भावनाओं को आहत की है। ह इस मामले की जल्द से जल्द जांच की और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हैं।

### विदेश मंत्रालय ने भी की निंदा

अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने शनिवार कोकैलिफोर्नियां के स्वामी नारायण मंदिर में हुई तोड़फोड़ की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस मामले में नेवार्क पुलिस विभाग के द्वारा उठाए कदम की सराहना की है। अमेरिकी विदेश विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, हम कैलिफोर्निया के हिंदू मंदिर श्री संवामीनाराण मंदिर में हुई तोड़फोड़ की कड़ी निंदा करते हैं। हम नेवार्क पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हैं।

### मंदिर में तोड़फोड़ के बाद विदेश विभाग ने जारी किया बयान

पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार खालिस्तानी समर्थक कार्यकर्ताओं द्वारा नेवार्क के हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ के बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने यह बयान जारी किया है। खालिस्तानी समर्थकों ने शुक्रवार को मंदिर के बाहरी हिस्सों में तोड़फोड़ की। मंदिर के प्रवक्ता भार्गव रावल ने कहा, मंदिर के नजदीक रहने वाले एक श्रद्धालु ने इमारत के बाहरी दीवार पर काली स्याही से भारत विरोधी नारे लिखे थे। उन्होंने तुरंत स्थानीय प्रशासन को इसकी सूचना दी।

### भारतीय विदेश मंत्री ने जताई चिंता

इस घटना पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने इस घटना पर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, मैंने समाचार देखा। जैसा कि आप जानते हैं, हम इसपर चिंतित हैं। भारत के बाहर अलगाववादी और चरमपंथियों को जगह नहीं मिलनी चाहिए। इस घटना पर हमारे वाणिज्य दूतावास ने अमेरिकी सरकार और वहां की पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई है। हमें विस्वास है कि इस मामले की जंच की जा रही है।

इस दौरान नेवार्क पुलिस ने इसे जानबूझ कर की जाने वाली घटना बताया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि नेवार्क के सदस्य और एक पुलिस के नाते हम इस घटना से दुखी हैं। हम ऐसे लोगों को यहां बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। आप समझ सकते हैं कि हम इस घटना को कितनी गंभीरता से ले रहे हैं। हम इसकी जांच बड़ी ही सावधानी से करेंगे।

# क्या जिले में वापस बने रहने के लिए वर्तमान मंत्री का...कुछ पुलिसकर्मी लेंगे सहारा... जिन पुलिसकर्मियों दिखाया गया था जिले से बाहर का रास्ता?

- » एक उपनिरीक्षक सहित प्रधान आरक्षक व आरक्षक एमसीबी जिले में पुनःवापसी की तलाश में भटक रहे नेताओं के इर्द-गिर्दःसूत्र
- » नवयुक्त मंत्री से उपनिरीक्षक जिला वापसी की कर रहे हैं उम्मीद...वहीं स्थानांतरित हो चुके आरक्षक व प्रधान आरक्षक रुकने की फिराक में
- » आईजी की तबादला सूची जारी होने के बाद एमसीबी जिले से रवानगी तो ले ली पर जॉइनिंग पर अभी तक नहीं पहुंचे पुलिसकर्मी,मेडिकल लेकर छुट्टी परःसूत्र
- » वहीं लोगों का मानना है कि ऐसे पुलिसकर्मियों का कतई भी सहयोग नहीं करेंगे नव नियुक्त कैबिनेट मंत्री
- » जो पुलिसकर्मी पुरानी सरकार में एमसीबी में खूब नाम कमाया और लोगों को परेशान किया अब वह भाजपा सरकार में मंत्री व विधायक से फिर से जिले में बने रहने की कर रहे उम्मीद

- रवि सिंह -
कोरिया/एमसीबी/सूरजपुर 24 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।


शिकायतों से नाता रखने वाले व विवादों में रहने वाले पुलिसकर्मियों का सरगुजा आईजी ने जिला बदला जिसको लेकर आईजी सरगुजा ने तबादला सूची जारी की ताकि पुलिस व्यवस्था कानून व्यवस्था सुदृढ़ हो सके पर पुलिस व्यवस्था कानून व्यवस्था खराब रहे इसे लेकर जिनका तबादला किया गया था वह जाना नहीं चाहते, सूत्रों की माने तो यही वजह है कि कुछ पुलिसकर्मी रवानगी मिलने के बावजूद मेडिकल लेकर अभी भी पूर्व पदस्थ जिले में रुके हुए हैं नई जगह जाकर उन्होंने आमद नहीं दी है और नेताओं के इर्द गिर्द घूम रहे हैं ताकि उनका तबादला रुक जाए और पुनः उसी जिले में रहकर वह लोगों को परेशान करते रहें, लंबे समय के बाद सरगुजा आईजी की बड़ी सर्जरी थी ताकि पुलिस व्यवस्था कानून व्यवस्था अच्छी हो सके, आईजी द्वारा तबादला किए गए कर्मचारियों को लेकर क्षेत्र के लोग भी खुश हैं कि ऐसे कर्मचारियों का जिला से जाना ही ज्यादा अच्छा है पर यह कर्मचारी अब सत्ता बदलने के बाद सत्ताधारी दल के मंत्री व विधायक को मनाने व समझाने में लगे हुए हैं।

ज्ञाता होकी विभाजित कोरिया में कुछ ऐसे कर्मचारी हैं जिनका शिकायतों व विवादों से गहरा नाता है यहां तक की अवैध कारोबार में भी उनकी भूमिका अहम रहती है, इनके सहयोग से अवैध कारोबार होता है ऐसा कई बार आरोप भी लग चुका है और आरोप लगाने वाले कांग्रेस सरकार में बीजेपी के नेता ही थे इन्होंने अवैध कारोबार को लेकर खूब मुद्दा बनाया था, खासकर मनेंद्रगढ़ विधानसभा से लेकर भरतपुर सोनहत विधानसभा तक यह गूंज सुनाई दी थी, अब वही पुलिसकर्मी जो कांग्रेस शासन में कांग्रेस विधायक के खास थे और अति मचाए रखा था, अब जब शासन सत्ता बदल गई तो फिर से अपना पड़ला बदलकर मौजूदा सत्ता शासन की मदद से फिर से उसी स्थान पर रहना चाहते हैं, क्योंकि सरकार बदलते ही सरगुजा आईजी ने बड़ी सर्जरी करते हुए चुन-चुन कर आरक्षक, प्रधान आरक्षक व कर्मचारी का जिले से बाहर तबादला किया था, जिस तबादले को लेकर एक बार फिर पुलिस विभाग पर लोगों का भरोसा बढ़ा है, पर जिनका तबादला किया गया वह इतना शातिर लोग हैं की पदस्थापना वाले स्थान पर जाने से घबरा रहे हैं और अब भाजपा के नेता से जुगाड़ लगवा रहे, सूत्रों का तो यह भी कहना है कि पूर्व कांग्रेस विधायक भी इनकी मदद वर्तमान विधायक से कहकर कर सकते है, पर वही आम जनता व स्वक्ष छवि वाले भाजपा नेताओं का कहना है कि यह संभव नहीं है इस बार भाजपा अलग तरीके से काम करेगी और लोगों के बीच अपना स्वच्छ छवि प्रस्तुत करेगी, जनता के हित वाले मामले पर पर ही ध्यान देगी वहीं वह ऐसे लोगों और कर्मचारियों से दूरी बनाकर रखेगी जो पूर्वर्ती कांग्रेस सरकार में मजा काट चुके हैं।


क्या एमसीबी जिले के 2 प्रधान आरक्षकों व तीन आरक्षकों की जनकपुर अनुभाग में कमी होगी तैनाती?


निजी वाहन में पुलिस अधिकारी को नीली बत्ती लगाने का नहीं है अधिकार


सरगुजा आईजी के तबादला सूची से कैसे बचकर निकले कोरिया के सबसे विवादित प्रधान आरक्षक?



### उप निरीक्षक भी वापस आने की जुगत में

बताया जा रहा है की खड़गवां पुलिस थाने में कांग्रेस सत्ता काल में प्रभारी बनकर जमकर मजा काट चुके एक उप निरीक्षक भी सूरजपुर जिले से वापसी के प्रयास में हैं। यह उप निरीक्षक जब आरक्षक थे तब भी यह कांग्रेस नेताओं के करीब थे वहीं जब 15 साल भाजपा का शासन काल आया यह भाजपा नेताओं के करीब थे और जिले में ही जमे रहे और पदोन्नति लेते रहे, वहीं जब पिछले चुनाव में कांग्रेस सत्ता में वापसी कर पाई फिर इनकी चांदी देखी गई थी, वह कई थानों में प्रभारी ही बने रहे इस दौरान वहीं जब लंबे समय बाद तबादला हुआ भी तो उन्हे सूरजपुर ही जिला मिला जो बगल का जिला था वहीं जाते ही सुरजपुर उन्हे बसदेई का चौकी प्रभारी बनाया गया। कुल मिलाकर कांग्रेस शासन काल में उक्त उप निरीक्षक ने जैसा चाहा वैसा वह अपने लिए जुगाड बना पाया। हमेशा प्रभारी बनकर ही रहना गृह जिले में ही नौकरी का अधिकांश समय व्यतीत कर देना उनकी ऊंची पकड़ राजनीतिक साबित करती रही। अब जब सत्ता बदल गई है भाजपा की सत्ता में वापसी हुई है वह स्थानीय विधायक और मंत्री से अपना जुगाड बनाने के लिए संपर्क कर रहे हैं जिससे उनकी पुनः वापसी गृह जिले में ही हो सके और वह फिर अपनी मनमानी कर सकें। वैसे उप निरीक्षक जुगाडू बहुत हैं वहीं वह चापलूसी में भी माहिर हैं किससे कैसी चापलूसी करनी है वह बखूबी जानते हैं और वैसा वह कर रहे हैं सत्ता बदलने के बाद।

### जिस प्रधान आरक्षक को पूर्व कैबिनेट मंत्री ने अपने विधानसभा से दूर रखने की बात कही थी क्या अपने शासनकाल में दूर करेंगे उसे?

बैकुंठपुर विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कोरिया जिले के एक प्रधान आरक्षक को लेकर जो विवादित बने रहने वाले प्रधान आरक्षक हैं कहा था की वह उसे अपने विधानसभा में नहीं रहने देंगे। अब जबकि वह निर्वाचित हो चुके हैं सत्ता में भी अब उनके ही दल का कब्जा है ऐसे में क्या बैकुंठपुर विधायक प्रधान आरक्षक को संभाग से बाहर भेजने का काम करेंगे यह देखने वाली बात होगी। वैसे प्रधान आरक्षक अपने जुगाड से आईजी के तबादला सूची से बच निकले हैं। अब देखना है की क्या वह बैकुंठपुर विधायक के पूर्व में दिए गए बयान अनुसार विधानसभा में ही बने रहते हैं या उन्हे बाहर का रास्ता दिखाया जाता है। वैसे प्रधान आरक्षक की कई शिकायत है और कांग्रेस शासन काल में वह कांग्रेस नेताओं के काफी करीब माने जाते थे। अब सत्ता बदलते ही क्या उनको लेकर भाजपा विधायक एक्शन मूड में आयेंगे यह देखने वाली बात होगी, क्योंकि बैकुंठपुर विधायक पूर्व मंत्री विवादित लोगों से हमेशा परहेज ही रखते देखे गए हैं वहीं उनके लिए क्षेत्र की जनता महत्वपूर्ण है चापलूस कर्मचारी नहीं जिन्हे जनता को परेशान करना होता है।

### क्या भाजपा नेता व विधायक मंत्री के पीछे घूम कर पुलिसकर्मी अपना फायदा तय कर पाएंगे?

एमसीबी जिले के निवासी उप निरीक्षक सहित प्रधान आरक्षक और आरक्षक तबादला होने के बाद भी गृह जिले में वापसी के प्रयास में हैं। सभी फिलहाल सत्ता परिवर्तन होने उपरांत हुए तबादले के बाद जिले से रवानगी ले चुके हैं वहीं कुछ जाकर आमद भी दे चुके हैं कुछ अवकाश लेकर अभी भी जिले में रुकने के फिराक में हैं। यह सभी वर्तमान विधायक और जिले से कैबिनेट मंत्री के आस पास चक्कर लगाते नजर आ रहे हैं और उनकी जी हुजूरी में लगे हुए हैं जिससे उनका तबादला रुक जाए या उनकी वापसी हो जाए। अब देखना यह है की क्या वर्तमान विधायक एवम मंत्री ऐसे पुलिसकर्मियों का साथ देते हैं जो कांग्रेस शासनकाल में जमकर मौज उड़ा चुके हैं लोगों को परेशान कर चुके हैं वहीं जिनकी शिकायत और जिन्हे हटाने की सिफारिश भाजपा नेता ही किया करते थे। अवसरवादी ऐसे पुलिसकर्मी क्या अपने प्रयासों में सफल होगे यह आगे स्पष्ट हो सकेगा वैसे जिस तेवर में नई भाजपा सरकार नजर आ रही है लगता नहीं है की वह लोगों को परेशान करने वाले पुलिसकर्मियों की वापसी फिर से उसी जगह या जिले में करवाएगी जहां उनकी शिकायत मिलती रही है।

# क्या अंबिका सिंह पर आरोप के बाद बौखलाया समर्थक समाज के खिलाफ ही कर रहा टिप्पणी?

- » समाज के खिलाफ सोशल मीडिया में लिखने वाला समर्थक निज सहायक का है खास मित्र
- » सत्ता जाते ही गर्मी उतरी तो आपा खोया,पूरे पांच वर्ष था बोलबाला,बदल गई थी बोली और चाल ढाल...
- » जिला अस्पताल के हर कार्य, खरीदी, बिक्री, सप्लाई आदि में था हस्तक्षेप

- रवि सिंह -
कोरिया 24 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

सत्ता जाते ही अब पूर्व विधायक समर्थको की हालत खराब हो गई है, राजनीतिक जानकारों की मानें तो पूरे पांच वर्ष अवैध वसूली से अपना घर चलाने और वाहन की पेट्रोल डलाने वाले चंगू-मंगू कार्यकर्ता अब आपा खोने लगे हैं। एक ताजा मामला इन दिनों विधायक समर्थक और तथाकथित निज सहायक के परम मित्र का देखने को मिल रहा है जिसके अनुसार पिछले दिनो हुए एक मामले को लेकर निज सहायक के मित्र द्वारा अपने समाज पर ही उंगली उठाई जा रही है, सोशल मीडिया में समाज के प्रति अनर्गल बातें लिखी जा रही हैं, पूर्व विधायक अंबिका सिंहदेव की अंधभक्ति उक्त समर्थक में स्पष्ट देखी जा रही है, पोस्ट में बौखलाहट भी देखने को मिल रही है तो वहीं उसके कृत्य से अब विवाद की स्थिति भी निर्मित हो गई है। समाज द्वारा अंबिका सिंहदेव के खिलाफ शिकायत पर कार्यवाही नही होने से समाज में पुलिस प्रशासन के प्रति भी आक्रोश पनप रहा है। समाज इस मामले पर अब आगे की रणनीति तय कर रहा है।




### यह था मामला

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस से जुड़े एक युवा नेता किशन तिवारी और उसके मित्र आलोक दुबे द्वारा पैलेस मार्ग में पूर्व विधायक अंबिका सिंहदेव पर धमकी,चमकी किये जाने और मारपीट का आरोप लगा था, जिसके बाद सिटी कोतवाली में युवको ने रिपोर्ट दर्ज कराया था। इस बात की खबर से आक्रोशित समाज ने भी एक जिला स्तरीय बैठक कर अंबिका सिंहदेव के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया एवं पुनः सिटी कोतवाली में मामला दर्ज कराने हेतु पत्र दिया था। बतलाया जाता कि ब्राम्हण समाज की यह बैठक प्रेमाबाग परिसर में रखी गई थी जहां युवको द्वारा आपबीती बताई गई थी, जिसके बाद समाजिक जनों ने निंदा प्रस्ताव पारित किया था इसी बैठक में अंबिका सिंहदेव समर्थक और निज सहायक भूपेंद्र सिंह के परम मित्र ज्ञानेंद्र शुक्ला उर्फ 'जानी' भी पहुंचा था जहां उसके द्वारा अंबिका सिंहदेव के बचाव में बात रखने की कोशिश की जा रही थी,समाज के बीच भी गर्मी दिखला रहे इस समर्थक के द्वारा काफी तैस में आकर विवाद की स्थिति निर्मित करने की कोशिश की जा रही थी जिसके बाद वहां से उसे भगाया गया था। उक्त घटना के बाद से ही ज्ञानेंद्र शुक्ला उर्फ जानी के द्वारा सोशल मीडिया में समाज के खिलाफ लगातार बातें लिखी जा रही हैं। अंबिका सिंहदेव के बचाव में लिखी जा रही बातों से यह देखने में मिल रहा है कि वह अंधभक्त भी है और उसके लिए पहले अंबिका सिंहदेव और फिर बाद में समाज है। हलाकि जैसा सामाजिक जनो का कहना है कि इस युवक का समाज से कोई लेना देना नही है और ना ही वह पहले कभी सामाजिक कार्यक्रम में सक्रिय देखा गया है। अंबिका सिंहदेव पर आरोप लगने के बाद जरूर वह समाज को घेर रहा है जो कि निंदनीय है। बतलाया जाता है कि ज्ञानेंद्र शुक्ला द्वारा अंबिका सिंहदेव के निर्देशन और निज सहायक भूपेन्द सिंह के मार्गदर्शन में लगातार समाज पर टिप्पणी की जा रही है। लोगो का कहना है कि खुद अंबिका सिंहदेव द्वारा समाचार चैनलो के माध्यम से पीड़ित युवक से पारिवारिक संबंध होने का हवाला दिया गया है और घटना से इंकार किया गया था लेकिन इतने दिन बीत जाने के बाद भी वह युवक के घर नही गई और उल्टे समर्थक द्वारा सोशल मीडिया में पोस्ट कराया जा रहा है जो कि उनकी गंदी मानसिकता का परिचायक है। आप एक जनप्रतिनिधी है और उस नाते किसी भी समाज के खिलाफ कुछ लिखवाना राजनीति के लिहाज से उचित नही है। इससे अंबिका सिंहदेव और ब्राह्मण समाज के बीच दूरी और बढ रही है।

सोशल मीडिया पोस्ट में दिख रही बौखलाहट-यदि अंबिका सिंहदेव समर्थक ज्ञानेंद्र शुक्ला के सोशल मीडिया पोस्ट पर नजर डाली जाए तो देखने को मिलता है कि उसके द्वारा सामाजिक बैठक के बाद से ही समाज को घेरने की कोशिश की जा रही है। उसके द्वारा समाज के विषय में कई आपत्तिजनक बाते लिखी गई हैं जो कि विवाद का कारण बन सकती हैं।

### अंबिका के निर्देशन में कलेक्टर को ज्ञापन,समाज का नाम लेकिन ज्ञापन से समाज ने बनाई दूरी,बताया अवैध

विश्वस्त सूत्रो ने बतलाया कि ब्राम्हण समाज द्वारा किय गए विरोध के बाद एक प्लानिंग के तहत अंबिका सिंहदेव समर्थक समाज से जुड़े कुछ लोगो को एक ज्ञापन कलेक्टर को देने हेतु कहा गया जिसमे संपूर्ण मामले की जांच कलेक्टर से कराने की मांग की गई है। उक्त पत्र में चुनिंदा ऐसे लोगो के हस्ताक्षर हैं जो कहीं ना कहीं से अंबिका सिंहदेव से जुड़े है और सामाजिक बैठक से नदारद थे। पत्र के बारे में समाज के जिलाध्यक्ष और जिम्मेदार पदाधिकारियों को तक नही बताया गया सिर्फ अंधभक्ति में समाज का उपयोग करते हुए ज्ञापन दिया गया है जिससे कि आपसी मतभेद पैदा हो रहा है और लोग इसके लिए अंबिका सिंहदेव को ही जिम्मेदार मान रहे हैं। पत्र में किया गया हस्ताक्षर भी एक ही व्यक्ति द्वारा किया गया प्रतीत हो रहा है। इस पत्र को समाज ने अवैध बतलाते हुए दूरी बना ली है।

### कई जगह था ज्ञानेंद्र शुक्ला का हस्तक्षेप

पूरे मामले में जिस ज्ञानेंद्र शुक्ला उर्फ जानी शुक्ला का नाम सामने आ रहा है उसकी गतिविधियां किसी से छिपी नही है। वह अंबिका सिंहदेव के निज सहायक रहे भूपेन्द्र सिह का परम मित्र है और जिसके द्वारा पूरे पांच साल तक शासकीय कार्यालयों में अधिकारी कर्मचारी के बीच हस्तक्षेप किया जा रहा था। जिला अस्पताल में उसके द्वारा पूरा हस्तक्षेप किया गया जिससे कि वहां की स्थिति बिगड़ गई थी। जिला अस्पताल से ही घर के खर्च का संचालन भी होता था जैसा कि सूत्रो का कहना है। बहरहाल पूरे मामले पर समाम मे युवक के प्रति खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है आने वाले समय में समाज द्वारा नए सिरे से रणनीति बनाने की बात भी कही जा रही है।

# कैबिनेट मंत्री बनते ही पहले प्रोटोकॉल में अपने घर पहुंचे, जगह-जगह हुआ श्याम बिहारी जायसवाल का स्वागत

- संवाददाता -
एमसीबी 24 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय कैबिनेट का विस्तार हुआ और इस बार मनेंद्रगढ़ विधानसभा से दूसरी बार निर्वाचित हुए विधायक श्याम बिहारी जायसवाल को कैबिनेट में स्थान मिल गया। कैबिनेट में स्थान मिलते ही जहां उनके गृह विधानसभा सहित जिले में जश्न का माहौल देखा गया वहीं पड़ोसी जिले कोरिया सहित कोरबा में भी उनके समर्थकों में खुशी देखी गई। मंत्री बनने के बाद श्याम बिहारी जायसवाल पहली बार 23 दिसंबर को अपने पहले प्रोटोकाल के तहत घर पहुंचे जहां देर रात तक लोगों का तांता लगा रहा उनके स्वागत के लिए उनसे मिलने के लिए। इस बीच उनका स्वागत कई जिलों में हुआ रास्ते में जिसमें बिलासपुर जिले में मुंगेली जिले में कोरबा जिले में स्वागत करने वाले भाजपा कार्यकर्ता उन्हे खड़े मिले। जगह जगह स्वागत के दौरान उनका काफिला तय समय से विलम्ब से घर पहुंचा वहीं इस बीच वह रतनपुर स्थित महामाया मंदिर भी दर्शन के लिए पहुंचे और माता महामाया को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। श्याम बिहारी जायसवाल के स्वागत का क्रम दूसरे दिन भी जारी रहा,सुबह उन्होंने कुल देवताओं का आशीर्वाद लिया उसके उपरांत उन्होंने गृह निवास पहुंचे लोगों से उनका स्वागत आग्रह स्वीकार किया। दूसरे दिन दिनभर उनके स्वागत का कार्यक्रम चलता रहा जो देर रात्रि तक कार्यक्रम चलता रहा चिरमिरी में जगह जगह उनका स्वागत किया गया लड्डुओं से तौले गए। श्याम बिहारी जायसवाल ने इस बीच अपनी सहजता भी साबित की सरलता भी साबित की उनसे मिलने पहुंचे लोगों को पहली बार ऐसा लगा की एक आम आदमी जब मंत्री बनता है तो वह कैसा व्यवहार करता है क्योंकि उन्होंने जो उदाहरण प्रस्तुत किया मुलाकात के दौरान उससे सभी प्रसन्न नजर आए।



रायपुर से गृह निवास तक हुआ स्वागत,भव्य रहा स्वागत कार्यक्रम हर जगह- श्याम बिहारी जायसवाल का मंत्री बनने के बाद राजधानी रायपुर से निकलने के बाद हर जगह स्वागत हुआ,पांच जिलों से गुजरते हुए वह गृह निवास पहुंचे और इस बीच उनका हर जिले में स्वागत हुआ।कई जगह लड्डुओं से भी तौले गए

- » बिलासपुर से लेकर घर पहुंचने तक कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का हुआ स्वागत,लड्डू से भी तौले गए...
- » देर रात तक बधाई देने वालों का लगा रहा तांता...
- » दूसरे दिन भी जारी रहा स्वागत कार्यक्रम,श्याम बिहारी जायसवाल का चिरमिरी में हुआ भव्य स्वागत

श्याम बिहारी जायसवाल,रतनपुर महामाया मंदिर पहुंचकर उन्होंने ईश्वर का आशीर्वाद भी ग्रहण किया। मंत्री बनने उपरांत श्याम बिहारी जायसवाल का स्वागत जिस तरह हुआ वह अभूतपूर्व माना जा रहा है क्योंकि उनसे प्रभावित भी लगातार हो रहे हैं लोग।

### गृह निवास में भव्य रहा स्वागत, कार्यकर्ताओं ने जिंदाबाद के लगाए नारे

गृह निवास मनोरम पहुंचते ही मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का स्वागत भव्य तरीके से कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने किया और उनके जिंदाबाद के नारे लगाए, देर रात तक आतिशबाजी कर भी कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से खुशी प्रसन्नता का इजहार किया। श्याम बिहारी जायसवाल की लोकप्रियता वैसे तो परिचय की मोहताज नहीं फिर भी उनके लिए जो स्वागत कार्यक्रम किए हुए वह अभूतपूर्व रहे जो देखा गया।

### दूसरे दिवस सुबह से लग गया घर पर स्वागत सम्मान करने वालों का तांता,जारी प्रोटोकाल में भी हुआ विलंब

मनोरम निवास से सुबह ही मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल कुल देवताओं के आशीर्वाद के लिए निकल गए वहीं जब वह वापस घर पहुंचे घर मनोरम निवास पर स्वागत सम्मान करने वालों का तांता लगा उन्हे नजर आया।। कर्मचारियों सहित पार्टी कार्यकर्ताओं की तरफ से स्वागत स्वीकार करते हुए उन्हें इतना विलंब हुआ की वह जारी प्रोटोकाल में ही विलंब करते नजर आए। प्रोटोकाल में विलंब जरूर हुआ लेकिन उन्होंने किसी को निराश नहीं किया और सभी के स्वागत स्नेह को स्वीकार करना ही पहला फर्ज समझा।

### खड़गवां में हुआ अभूतपूर्व स्वागत

मंत्री बनने उपरांत श्याम बिहारी जायसवाल का खड़गवां में अभूतपूर्व स्वागत हुआ, मुख्य मार्ग में कार्यकर्ताओं सहित खड़गवां वासियों ने उनका सम्मान किया। इस दौरान उन्हे अपनों का स्नेह प्राप्त हुआ। खड़गवां के कार्यक्रम में श्याम बिहारी जायसवाल ने कार्यकर्ताओं कर्मचारियों सहित वहां के निवासियों से सहज तरीके से मुलाकात की और सभी से उनकी मुलाकात ऐसी रही की सभी ने उनकी सहज सरलता की प्रसंशा की।

### चिरमिरी में हुआ जगह-जगह भव्य स्वागत

मंत्री बनने उपरांत श्याम बिहारी जायसवाल का स्वागत चिरमिरी में जगह जगह हुआ। देर रात तक स्वागत चलता रहा और सभी ने उनके स्वागत में अपनी उपस्थिति देकर उनके स्वागत को अभूतपूर्व बनाया।

# राजस्व विभाग आखिर क्यों मेहरबान है खड़गवां के भू-माफियाओं पर

## किसानों की भू-आवंटित जमीनों पर हो रहा है धड़ल्ले से अतिक्रमण...क्या राजस्व विभाग दें रहा है संरक्षण

» खड़गवा तहसील मुख्यालय खड़गवां में भू-बंटन की भूमि का वितरण मध्य प्रदेश की सरकार के समय जीविकापार्जन के लिए भू-बंटन के तहत हितग्राही को मिला था पट्टा

» कुछ कथा कथित लोगों के द्वारा गोपनीय तरीके से बिना किसी लिखा पढ़ी के भू-बंटन की भूमि पर पक्का मकान और व्यावसायिक दुकान भी बनाया गया है



-राजेन्द्र शर्मा-

**खड़गवां 24 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** खड़गवां के भू-बंटन की भूमि को पैसे के जोर पर सड़क किनारे की भूमि खसरा नंबर 428 बीस सूत्रीय के तहत भूमिहीन किसानों को उनके जीविकापार्जन के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने बीस सूत्रीय के तहत भूमि-आवंटित किया गया था इस भूमि के आवंटित पट्टे में स्पष्ट निर्देश भी लिखे गए हैं कि पट्टेदार को उक्त भूमि का उपयोग केवल कृषि प्रयोजनों के लिए ही करेगा वह उक्त भूमि या उसके किसी भाग का उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं करेगा? पट्टेदार उक्त भूमि या उसके किसी भाग पर स्थायी स्वरूप की कोई संरचना खडी नहीं करेगा किन्तु वह कृषि प्रयोजनों के लिए अस्थायी शेड का निर्माण कर सकेगा? पट्टेदार भूमि में अपने अधिकार या उसके किसी भाग को बिक्री भेंट बंधक उप-पट्टा या अन्य प्रकार से अंतरित नहीं करेगा और ऐसी प्रत्येक बिक्री भेंट बंधक उप-पट्टा या अन्य प्रकार से किया गया अंतरण निष्प्रभावी होंगा? उसके बाद भी उक्त भूमि पर धड़ल्ले से राजस्व विभाग के अधिकारियों के सामने शासन प्रशासन के बिना अनुमति के धड़ल्ले से कृषि भूमि पर व्यावसायिक भवन तैयार किया गया है जबकि उक्त भूमि पर व्यावसायिक भवन निर्माण पूर्णतः भूमि प्रतिबंधित है।

उसके बाद भी भू बंटन की भूमि पर अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा है वो भी बिना अनुमति के ये रसूखदार अपने आप को काफी पहुंच और पैसों के दम पर भू आवंटन की भूमि को भी नहीं छोड रहे हैं सडक के किनारे कि भू- आवंटन की जमीनों पर अतिक्रमण कर धडल्ले से व्यावसायिक दुकान का निर्माण कार्य किया गया है।

लाखों रूपये की लागत से व्यवसायिक दुकानों का निर्माण कार्य कर रहे हैं जिसकी क्षेत्र के ग्रामीणों ने कई शिकायतें कि है उसके बाद भी क्षेत्र के रसूखदार और पैसों का धौस दिखाकर नहीं होने वाले राजस्व विभाग से संबंधित कार्यो को कराया जाता है। राजस्व का प्रशासनिक अमला इनके खिलाफ कोई कार्रवाई करने की जरूरत ही नहीं समझता है या कार्रवाई करना ही नहीं चाहता है। इससे इन भू बंटन की भूमि की फर्जी तरीके से खरीदी बिक्री करने के कारण मनोबल और बढ़ता जा रहा है।

इनके द्वारा भू-आवंटित कृषि भूमि पर व्यावसायिक दुकान धड़ल्ले से निर्माण कार्य किया जा रहा है ये भू-माफिया भू-आवंटित कृषि भूमि पर व्यावसायिक दुकान का निर्माण कार्य कृषक का होना बताकर भू-आवंटित भूमि पर मकान कि जगह पर व्यावसायिक दुकान निर्माण कराया गया है। भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद इस भवन पर अपना कब्जा दिखा रहे है ऐसा खेल खड़गवां में जोर पर चल रहा है। और गरीब किसानों की भूमि में भू माफिया इस तरह के खेल कर कब्जा कर रहे हैं इनके द्वारा शासन प्रशासन से भू-बंटन की भूमि पर व्यावसायिक दुकान निर्माण कार्य या भवन निर्माण कार्य की कोई अनुमति नहीं ली गई है? क्षेत्र के अनपढ़ किसानों की भू-आवंटित कृषि भूमि पर मकान बनाकर अपना कब्जा भी दिखा रहे है और तो और राजस्व विभाग का अमले के द्वारा इनकी जमीनों के नाप जोख भी किया जाता है।

राजस्व विभाग के सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि भू-आवंटित कृषि भूमि पर दूसरे के कब्जा के आधार से पट्टा भी बन जा रहा है। जबकि किसान के पास भू-आवंटन भूमि का पट्टा है उसके बाद दूसरे कब्जे दार का पट्टा बनाया जा रहा है।

इस तरह के कुछ मामले तहसील कार्यालय से ही सूचना के अधिकार से प्राप्त हुए प्राप्त हुए हैं जिसमें राजस्व विभाग के द्वारा ग़लत जानकारी और पंचनामा तैयार कर तहसील कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है जो भू-बंटन की कृषि हेतु जमीन पर निर्माण कार्य की अनुमति नहीं का उल्लेख अपने जांच प्रतिवेदन में किय गया है। उसके के बाद भी तहसील कार्यालय में मकान बनाने का जांच प्रतिवेदन में उल्लेख कर दिया गया है जबकि उस स्थल पर व्यावसायिक दुकान का निर्माण किया जा रहा है। जबकि जांच में स्पष्ट है कि हूं बंटन कृषि भूमि पर व्यावसायिक दुकान का होना पाया गया है। उसके बाद भी तहसील कार्यालय से किसी प्रकार कि कोई कार्यवाही नहीं की गई हैएवं गलत जानकारी दी गई है जो जांच कर कार्रवाई किए जाने योग्य है ?

## दो दिन में तीन जगह हुई चोरी



-संवाददाता-

**उदयपुर,24 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** दो दिनों में तीन जगह हुई चोरी ने उदयपुर पुलिस की रात्रि गश्त की पोल खोल कर दी है। बस स्टैंड उदयपुर स्थित विद्यादीप किताब दुकान, शिव मंदिर के सामने स्थित प्रताप पान ठेला और बाजार चौक पर स्थित ग्राहक सेवा केंद्र में हुई चोरी से क्षेत्र के व्यापारियों में भय का माहौल है।

शुक्रवार की रात को बाजार चौक स्थित ग्राहक सेवा केंद्र से अज्ञात चोरों ने ठेला के पीछे लगे लोहे के चादर को तोड़कर फोटो कापी प्रिंटर सहित अन्य समान का चोरी कर ले गए। शनिवार को बस स्टैंड उदयपुर के विद्यादीप से भी फोटो कापी प्रिंटर, कापी और नगद रुपए सहित अन्य समान पीछे के हिस्से में सीढ़ी लगाकर ईंट के दीवाल में सेंध मारकर चोरी कर ले गए। इसी तरह से शनिवार को ही प्रताप के पान ठेला के निचले हिस्से का लकड़ी का पटरा को उखड़कर सिगरेट के पैकेट पान मसाला और कुछ नगद रुपए पार कर दिए।

दुर्घटना की सूचना दो दुकान के मालिकों द्वारा थाना में सूचना देकर एफआईआर दर्ज कराई गई है। पान ठेला के मालिक द्वारा थाना में रिपोर्ट नहीं लिखवाया गया है। उदयपुर पुलिस द्वारा घटना स्थल का जायजा लेकर चोरों की तलाश सरगर्मी से की जा रही है।

हाईवे 130 पर शहर के हृदय स्थल पर लगातार हो रही चोरी से व्यवसाइयो में भय का माहौल है। व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने चोरों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है । सिलसिलेवार हो रही चोरियों ने उदयपुर पुलिस की रात्रि गश्त पर कई सवाल खड़े कर दिए है।

## कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन के स्वागत समारोह के दौरान हुआ हादसा,बाल-बाल बचे

-संवाददाता-

**कोरबा,24 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के पश्चात शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल का गठन किया गया। मंत्रिमंडल में कोरबा जिले से लखनलाल देवांगन को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। कैबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार अपने गृह जिले कोरबा में आने पर लखनलाल देवांगन का कोरबा में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।







एक दिन पहले ही राजधानी रायपुर में लखनलाल देवांगन ने पद और गोपनीयता की शपथ ली थी । शनिवार को बिलासपुर से लेकर कटघोरा के रास्ते पर उनका जगह-जगह पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस कड़ी में शाम 07बजे उनका जुलूस कोरबा पहुंचने पर सीएसईबी चौक में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर उनकी अगवानी की। महिला कार्यकर्ताओं ने आरती उतार कर उनका स्वागत किया।इसी क्रम में भाजपा कार्यलय में कार्यकर्ताओं ने श्री देवांगन को लड्डुओं से तौला ।

स्वागत कार्यक्रम के दौरान काफी मात्रा में मंच में उपस्थित कार्यकर्ताओं के होने से मंच अचानक भर भराकर जमीनोदोस हो गया,गनीमत यह रही की इस घटना के घटित होने से नवनुयक्त कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन बाल बाल बचे । वहीं इस कार्यक्रम में आए लोगों ने आयोजकों पर आरोप लगाते हुए कहा के कैबिनेट मंत्री के लिए इतना हल्का व्यवस्था कहीं न कही आयोजकों के लापरवाही को उजागर करता है,साथ ही साथ कैबिनेट मंत्री के सुरक्षा व्यवस्था की भी खुली पोल । स्वागत कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों के साथ साथ बहुसंख्यक में कार्यकर्ता मौजूद रहे । मीडिया से संक्षिप्त चर्चा में कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने बताया कि ÷कोरबा सहित सभी जिलों का समग्र विकास किया जाएगा। घोषणा पत्र में जो बिंदु हमने शामिल किए हैं, उनका क्रियान्वयन शुरू कर दिया गया है। किसानों को धान बोनस का भुगतान 25 दिसंबर को किया जाना है। प्रधानमंत्री महतारी वंदन योजना सहित सभी योजनाओं पर शीघ्रता से काम होगा। कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन के स्वागत सत्कार को लेकर सभी स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और जोश देखने को मिला वहीं क्षेत्र के नागरिकों को अपने जिले के विकास को लेकर श्री देवांगन से काफी उम्मीद है। साथ ही यह भी उम्मीद है के जिले के भूमिपुत्र का कैबिनेट मंत्री बनने से कोरबा के थमे विकास कार्य को फिर से गति मिलेगी एवं कोरबा के जनता को अब वायु प्रदूषण और राखड से निजात मिल सकेगा।



## अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया क्रिसमस उत्सव

-संवाददाता-

**प्रतापपुर,24 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** प्रतापपुर अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया क्रिसमस उत्सव सी.बी.एस.ई.,अंग्रेजी माध्यम,स्कूल में क्रिसमस पर्व का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ किया गया, इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने विद्यालय परिसर में प्रभु ईसा मसीह के जन्म का दृश्य, क्रिसमस स्टार एवं क्रिसमस ट्री जैसी आकर्षक झांकी बनाकर सजाया था, स्कूली बच्चों ने केक काटकर जन्म दिवस मनाया, अमनदीप, लक्की मित्तल एव साथियो ने प्रभु ईसा मसीह के जन्म पर आधारित नाटक की प्रस्तुति दी, जिसे देखकर सभी बच्चों ने ईसा मसीह के जन्म की घटना को जाना , तीसरी एव छठवी के छात्राओ ने रंगारंग नृत्य की प्रस्तुति भी दी, छोटे बच्चे सांता क्लाज की भेष भुषा मे सज कर टाफी बाटते दिखे, मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एम. एस. ध्रुव ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, प्रभु ईसा मसीह ने हमें आपस में प्रेम से रहना, कभी किसी का दिल नहीं दुखाना, जरूरतमंदों का सहयोग करना, किसी भी जीव की हत्या नहीं करना, अहिंसा धर्म का पालन करने का संदेश दिया है, इस उत्सव को मानते हुए हम सब संकल्प लें कि ईसा मसीह द्वारा दिखाए गए सभी मार्गों का हम अनुसरण करेंगे, प्राचार्य अशोक तिवारी ने प्रभु ईसा मसीह द्वारा दिखाए प्रेम अहिंसा एवं सभी जीवो के प्रति सम्मान के संदेश को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया।

## शिकार के लिए बिछाए गए तरंगित तार की चपेट में आने से जंगली बिल्ला के साथ युवक की मौत...



-संवाददाता-

**राजपुर,24 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिला के डौरा पुलिस चौकी के क्षेत्र के कोदौरा जुनाडीह जंगल में विद्युत करंट की चपेट में आने से एक युवक और जंगली बिल्ली की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है।चौकी प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ग्राम अतौरी निवासी 32 वर्षीय संतु चेरवा पिता रामनरेश चेरवा 48 वर्ष, घुरसाय व 20 व वर्षीय घमेश्वर तीनो मवेशी देखने के लिए कोदौरा गांव गए थे। वापस लौटते समय कोदौरा के देवाटन नाला जुनाडीह जंगल में रात करीब 8 बजे संतु चेरवा शौच करने के लिए सड़क से करीब 20 मीटर जंगल के भीतर घुसा, जहां मौत उसका इंतजार कर रही थी। अज्ञात लोगों के द्वारा जंगली जानवर मारने के लिए तरंगित तार बिछाया गया था। जिसके चपेट में आने से संतु चेरवा की मौके पर ही मौत हो गई। वहां एक जंगली बल्ली का भी वहां शव पड़ा हुआ था । संतु जब काफी देर बाद भी शौच कर नही लौटा तो उसके मित्रों ने जंगल में जाकर देखा, वहां का नजारा देख उनके होश उड़ गए। संतु मृत पड़ा था, बगल में बिल्ली का भी शव पड़ा था। पुलिस ने बताया कि जंगली जानवरों के शिकार के लिए करंट प्रवाहित तार लगाने के कारण यह घटना हुई। अभी आरोपियों का पता नहीं चल पाया है, जांच की जा रही है।

## श्याम भक्त मंडली का जगह-जगह किया गया स्वागत



-संवाददाता-

**प्रतापपुर,24 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** प्रतापपुर श्री श्याम भक्त मंडल मंदिर द्वारा श्री श्याम मंदिर अंबिकापुर से श्री श्याम मंदिर प्रतापपुर के लिए द्वितीय पैदल निशान पदयात्रा 50 किलोमीटर की दूरी तय निकाली गई जहां पर उक्त पद यात्रा का जगह-जगह स्वागत लोगों ने करते हुए अभिवादन किया हाथ में निशान यात्रा लेकर प्रतापपुर नगर भ्रमण किया इस निशान यात्रा में जितेंद्र तायल,गरीब राम गोयल,नितिन बंसल,अमीत गर्ग रोहित गोयल,शिवम गोयल,बजरंग गोयल कुश तायल,उज्ज्वल मितल,सुनिल ठाकुर दूधनाथ सिंह सामिल थे।

## अज्ञात दो पहिया वाहन में अज्ञात कारणों से लगी आग बाइक जलकर हुआ खाक

-संवाददाता-

**उदयपुर,24 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** NH 130 पर ग्राम दावा के पुल के ऊपर अज्ञात दो पहिया वाहन में अज्ञात कारणों से आग लग गई और दो पहिया वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है।



घटना सायं 5.30 बजे करीब की है दावा पुल के ऊपर बाइक जलते हुए देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी सूचना पाकर हाईवे पेट्रोल का वाहन थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर, सहायक उप निरीक्षक गोमती यादव, प्रधान आरक्षक शत्रुधन,सरजू राजवाड़े दल बल सहित तत्काल मौके पर पहुंचे तब तक बाइक पूरी तरह खाक हो चुका था वाहन का अगला टायर जल रहा था। नजदीक के घर से पानी की व्यवस्था कर आग को बुझाने के बाद पिकप में जली हुई बाइक के अवशेष को उदयपुर थाना लाया गया है।घटना स्थल पर कोई भी वाहन स्वामी मौजूद नहीं था और न ही कोई घायल नजर आया । बाइक किसकी है, घटना कैसे हुई,घटना में क्या कोई घायल हुआ है, क्या किसी वाहन से टक्कर के बाद यह घटना हुई यह सब अभी अज्ञात है। वाहन स्वामी के सामने आने के बाद ही सभी सवालों का जवाब मिल पाएगा।उदयपुर पुलिस मामले की विवेचना में जुटी हुई है।

## एन.सी.सी कैंप में बताया गया जंगल और वन्य जीव संरक्षण का महत्व

-संवाददाता-

**कोरबा,24 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** कोरबा के पी जी कॉलेज में एनसीसी कैंप लगाया गया हैं जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर, कोरिया, सरगुजा, सूरजपुर एवम बिलासपुर जिलों से बड़ी संख्या में बच्चे पहुंचे हैं,एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर की आग्रह पर नोवा नेचर वेल्फेयर सोसाइटी ने कैंप में उपस्थित 350 से ज्यादा कैडेट्स, उनके पी आई के साथ जागरूकता कार्यक्रम किया जिसका मुख्य उद्देश्य वनों एवम वन्यजीवों का संरक्षण व संवर्धन हैं। पी.जी कॉलेज, कोरबा के ग्राउंड में लगे एनसीसी शिविर में सर्वप्रथम नोवा नेचर वेल्फेयर सोसाइटी का स्वागत किया है जिसके बाद बच्चों को जंगल संरक्षण के महत्व को बताया गया फिर वन्य जीव और सरीसृप हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं उस विषय पर रोशनी डाली, जिस पर बच्चों ने एक एक कर कई सावल भी पूछा जिसका जवाब पाकर काफी उत्साहित हुए, नोवा नेचर वेल्फेयर सोसाइटी से एम सुरज ने बच्चों को बताया की साप आहार श्रृंखला का हिस्सा हैं और हमारे परिस्तिथिक तंत्र में अहम भूमिका निभाते हैं। इसीलिए इनको बचाना हमारी ज़िम्मेदारी हैं। उसके साथ ही जितेंद्र सारथी ने विषहीन और विषैले सांपो की पहचान करना बताया, साथ ही बताया साप काट लेने पर बिना देरी किए हस्पताल जाना हैं और अंत में मयंक बक्शी (बायोलॉजिस्ट) ने सर्प दंश के लक्षण को बताया साथ ही प्राथमिक उपचार भी बताए।



## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के जन्मदिन को भाजपा मण्डल सूरजपुर मनाएगी सुशासन दिवस के रूप में



-संवाददाता-


**सूरजपुर,24 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** भाजपा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप मे मनाएगी।भारतीय जनता पार्टी सुशासन दिवस पर विधानसभा चुनाव मे जारी घोषणा पत्र मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश के किसानों को दो वर्ष का धान का बोनस देने जा रही है।शासन द्वारा आयोजित धान बोनस वितरण कार्यक्रम में जिला मुख्यालय सूरजपुर मे कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ,प्रेमनगर में क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी व भैयाथान मे पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा शामिल होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने बताया कि सुशासन दिवस पर जिले भर के सभी मंडल मुख्यालय व मतदान केन्द्रों पर विविध कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। संगोष्ठी व कविता पाठ व कवि सम्मेलन का आयोजन कर अटल जी को याद किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि सभी ग्राम पंचायतों में अटल चौक पर पुष्पांजलि कर अटल जी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाएं।

CMYK

## संक्षिप्त खेल समाचार

# कलिंगा स्टेडियम को प्रतिष्ठित विश्व स्तरीय 1 एथलेटिक्स सुविधा प्रमाणन से किया गया सम्मानित

**भुवनेश्वर,24 दिसम्बर 2023।** ओडिशा के भुवनेश्वर में स्थित भारत के सबसे बड़े इनडोर एथलेटिक्स स्टेडियम, कलिंगा स्टेडियम को प्रतिष्ठित विश्व स्तरीय 1 एथलेटिक्स सुविधा प्रमाणन से सम्मानित किया गया है।



कलिंगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कलिंगा इंडोर एथलेटिक्स एरेना ट्रैक एंड फील्ड को प्रतिष्ठित विश्व स्तरीय 1 एथलेटिक्स सुविधा प्रमाणन प्राप्त हुआ है। प्रमाणन विश्व एथलेटिक संगठन द्वारा प्रदान किया गया है। यह मान्यता वैश्विक खेल मंच पर कलिंगा स्टेडियम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की प्रतिष्ठा को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।अत्याधुनिक मोनो ट्रैक, जिसे पहली बार स्थापित किया गया था, असाधारण प्रदर्शन, स्थायित्व और एथलीट-अनुकूल सतह प्रदान करता है जो केंद्र को शीर्ष-स्तरीय प्रतिस्पर्धा और प्रशिक्षण का केंद्र बनाता है। राज्य खेल और युवा सेवा विभाग के सचिव आर. विनील कृष्णा, आईएएस ने कहा कि यह मान्यता खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा प्रदान करने की ओडिशा की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। क्लास-1 प्रमाणन इंगित करता है कि कलिंगा-इन-डोर एथलेटिक्स एरेना बुनियादी ढांचे, सुविधाओं और तकनीकी क्षमताओं के मामले में कड़े मानदंडों को पूरा करके विश्व एथलेटिक्स द्वारा निर्धारित उच्चतम मानकों का पालन करता है।इस मान्यता ने देश की एथलेटिक प्रतिभा को बढ़ावा देने और प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी का द्वार खोल दिया है।

# विराट कोहली टीम इंडिया में शामिल हुए

**नई दिल्ली,24 दिसम्बर 2023।** दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली प्रोटियाज के खिलाफ सेंचुरियन में बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले दक्षिण अफ्रीका में भारतीय रेड-बॉल टीम में फिर से शामिल हो गए हैं। इस हफ्ते की शुरुआत में, बीसीसीआई के एक सूत्र ने खुलासा किया कि कोहली व्यक्तिगत कारणों से भारत लौट आए हैं



और अब पिछले महीने विश्व कप फाइनल में हार के बाद 26 दिसंबर को पहली बार मैदान पर उतरने की दौड़ में हैं। दो मैचों की टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र का हिस्सा होगी।फिलहाल, भारत एक जीत और एक ड्रॉ के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर है, जिससे उसे कुल 66.67 अंक प्रतिशत मिले हैं। वह भारत के लिए एक महत्वपूर्ण व्यक्ति होंगे क्योंकि वह पिछले डब्ल्यूटीसी चक्र के दौरान 30 पारियों में 932 रन के साथ देश के अग्रणी रन स्कोरर थे और 2023 की शुरुआत के लिए वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी टीम के दो पूर्ण टेस्ट मैचों में एक शतक और एक अर्धशतक बना चुके हैं। -2025 चक्र.
इस साल सात टेस्ट मैचों में विराट ने 55.70 की औसत से 557 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 186 है। चैंपियन दाएं हाथ का यह खिलाड़ी घरेलू धरती पर आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में भी शानदार प्रदर्शन कर रहा है, क्योंकि उसने तीन शतक और छह अर्द्धशतक सहित 765 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता।

# भारत ने एकमात्र टेस्ट आठ विकेट से जीता

### ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम को पहली बार टेस्ट में हराया

**नई दिल्ली,24 दिसम्बर 2023।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के 28 साल में टेस्ट क्रिकेट के पहले 'घरेलू सत्र' का शानदार अंत हुआ जब मेजबान टीम ने रविवार को यहां एकमात्र टेस्ट में आठ विकेट की जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को पहली बार टेस्ट मैच में शिकस्त दी। मैच के अंतिम दिन भारत ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय गेंदबाजों ने सुबह 28 रन देकर ऑस्ट्रेलिया के पांच विकेट चटकाए जिससे मेहमान टीम दूसरी पारी में 261 रन पर सिमट गई। भारत को 75 रन का लक्ष्य मिला जो उसने 19वें ओवर में दो विकेट पर 75 रन बनाकर हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना 38 रन बनाकर नाबाद रहीं। जेमिमा रोड्रिग्स भी 12 रन बनाकर नाबाद रहीं।
भारतीय महिला टीम 1995 के बाद पहली बार किसी सत्र में घरेलू सरजमीं पर एक से अधिक टेस्ट खेल रही थी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरे मैच के दौरान टीम दबदबा बनाने में सफल रही। भारत ने इससे पहले डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड की महिला टीम को भी एकमात्र टेस्ट में 347 रन के बड़े अंतर से हराया था। यह टेस्ट क्रिकेट में रनों के लिहाज से इंग्लैंड के खिलाफ किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 टेस्ट में यह भारत की पहली जीत है। भारतीय महिला टीम ने अब तक 40 टेस्ट में सात जीत दर्ज की है जबकि छह मैच गंवाए है।



टीम के 27 मैच ड्रॉ रहे हैं।
पिछले हफ्ते इंग्लैंड के खिलाफ जीत के दौरान जहां जेमिमा, शुभा सतीश और रेणुका सिंह ठाकुर जैसे नए टेस्ट सितारे उभरे तो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 साल की रिचा घोष ने पदार्पण करते हुए 52 रन की पारी खेली। चौथे दिन की सुबह भारतीय स्पिनरों का दबदबा रहा। स्नेह राणा (63 रन पर चार विकेट) और राजेश्वरी गायकवाड़ (42 रन पर दो विकेट) ने ऑस्ट्रेलिया की पारी को समेटने में अधिक समय नहीं लगाया। ऑस्ट्रेलिया की नजरें अपनी 46 रन की बढ़त को मजबूत करने पर टिकी थी लेकिन पहले सत्र में 45 मिनट के भीतर ही उसने अपने बाकी बचे पांच विकेट गंवा दिए। पूजा वस्त्राकर (40 रन पर एक विकेट) ने ऐशलेग गार्डनर (07) को पगबाधा करके भारत को दिन की पहली सफलता दिलाई।स्नेह ने इसके बाद अनाबेल सदरलैंड (27) और एलेना किंग (00) को पवेलियन भेजा। राजेश्वरी ने किम गार्थ (04) को आउट करके पारी की पहली सफलता हासिल की और फिर जेस योनासेन (09) को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का अंत किया। पहली पारी में 219 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 261 रन बनाए।
पहली पारी में 406 रन बनाने वाले भारत को 75 रन का लक्ष्य मिला। शेफाली वर्मा (04) ने पारी की पहली गेंद पर चौका मारा लेकिन गार्थ के इसी ओवर में विकेटकीपर एलिसा हीली को कैच दे बैठीं। बेन मूनी ने गार्डनर की गेंद पर रिचा घोष (13) का आसान कैच टपकाया जबकि उन्होंने खाता भी नहीं खोला था। स्मृति और रिचा ने दूसरे विकेट के लिए 51 रन जोड़कर भारत की राह आसान की। रिचा के आउट होने के बाद स्मृति ने जेमिमा के साथ मिलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

# जूनियर सुपर किंग्स टी 20 टूर्नामेंट 26 दिसंबर से होगा शुरू

**चेन्नई,24 दिसम्बर 2023।** जूनियर सुपर किंग्स इंटर-स्कूल टी20 टूर्नामेंट का आठवां संस्करण 26 दिसंबर, 2023 और 26 जनवरी, 2024 के बीच आयोजित किया जाएगा। भारत के पूर्व क्रिकेटर हेमांग बदानी ने सुपर किंग्स अकादमी में एक कार्यक्रम में टूर्नामेंट की जर्सी और ट्रॉफी का अनावरण किया। शनिवार को थोरईपक्कम में।
यह टूर्नामेंट तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त और समर्थित है और द इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड द्वारा शीर्षक-प्रायोजित है। टूर्नामेंट के इस संस्करण में पहली बार तमिलनाडु के बाहर की टीमें शामिल होंगी। कुल मिलाकर, बेंगलुरु, आंध्र प्रदेश और गोवा की टीमों के अलावा तमिलनाडु के 18 जिलों से 101 टीमें होंगी। तमिलनाडु में 18 जिले हैं- चेन्नई, त्रिची, विल्लुपुरम, कोयंबटूर, तिरुप्पुर, सलेम, नमक्कल, इरोड, वेल्लोर, रानीपेट, कृष्णागिरी, मदुरै, डिंडीगुल, शिवगंगई, तिरुनेलवेली, तूतीकोरिन, तेनकासी और कन्याकुमारी। 2012 में चेन्नई में 32




टीमों के टूर्नामेंट से लेकर 100 से अधिक टीमों वाले टूर्नामेंट तक, जूनियर सुपर किंग्स का विकास अभूतपूर्व रहा है। हम इस बात से भी उत्साहित हैं कि पहली बार राज्य के बाहर की टीमें भाग ले रही हैं। चेन्नई सुपर किंग्स क्रिकेट के सीईओ के एस विश्वनाथन ने कहा, यह जूनियर सुपर किंग्स के लिए भविष्य का अग्रदूत है।तमिलनाडु में जमीनी स्तर के क्रिकेट में सुपर किंग्स अकादमी के प्रभाव के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा, ÷टूर्नामेंट ने शाहरुख खान, वाशिंगटन सुंदर और साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ियों के लिए मंच प्रदान किया है। मुझे विश्वास है कि इस वर्ष के संस्करण से और भी सितारे सामने आएंगे।÷छात्रों को संबोधित करते हुए भारत के पूर्व क्रिकेटर हेमांग बदानी ने कहा, ÷जूनियर सुपर किंग्स युवा क्रिकेटरों के लिए एक अद्भुत मंच है। यह ताकत से ताकत में बदल गया है और यह सुनिश्चित किया है कि क्रिकेट सर्वोपरि है।
टूर्नामेंट दो चरणों में खेला जाएगा. पहला चरण (26 दिसंबर से 7 जनवरी) चेन्नई और अन्य जिलों में नॉकआउट प्रारूप में खेला जाएगा।
÷हम 1964 से क्रिकेट का समर्थन कर रहे हैं और जूनियर सुपर किंग्स इसका स्वाभाविक विस्तार है। हम पिछले 10 वर्षों से जूनियर सुपर किंग्स के साथ हैं। हमने 2012 में शुरुआत की, ÷द इंडिया सीमेंट्स के मुख्य विपणन अधिकारी आर पार्थसारथी ने कहा।
उन्होंने निष्कर्ष निकाला, ÷अब हम अगले तीन वर्षों के लिए प्रधान प्रायोजक के रूप में जुड़े रहकर खुश हैं।


# पाकिस्तान सरकार ने पीसीबी को पीएसएल और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया अधिकार बेचने से रोका



**करांची,24 दिसम्बर 2023।** पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अंतरराष्ट्रीय मैचों और पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के मीडिया अधिकार बेचने से रोक दिया है। क्रिकेट प्रबंधन समिति (सीएमसी) के प्रमुख जका अशरफ ने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की अपनी यात्रा स्थगित करके प्रधानमंत्री अनवारुल उल हक काकड़ से मिलने का समय मांगा है जो बोर्ड के मुख्य संरक्षक भी हैं। सरकार का निर्देश ऐसे समय आया है जब पीसीबी के मामलों का प्रबंधन करने वाली सीएमसी ने पीएसएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मीडिया अधिकारों की बिक्री के लिए बोलियां आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू की है। एक विश्वसनीय सूत्र ने रविवार को कहा, ''सरकार के अंतर प्रांतीय समन्वय (खेल) मंत्रालय ने बोर्ड को एक अधिसूचना जारी कर यह स्पष्ट कर दिया है कि अब से सीएमसी/पीसीबी को किसी भी बड़े करार पर हस्ताक्षर करने से पहले सरकार से अनुमति लेनी होगी।''

# पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ डेविस कप मुकाबले पर आईटीएफ के फैसले का स्वागत किया

**लाहौर ,24 दिसम्बर 2023।** अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) द्वारा पाकिस्तान को भारत के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले की मेजबानी करने की अनुमति देने के फैसले को बरकरार रखने के बाद पाकिस्तान टेनिस महासंघ (पीटीएफ) ने खुशी व्यक्त की।रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले आईटीएफ का फैसला शुरुआती फैसले के खिलाफ अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की अपील के बाद आया था।
एआईटीए ने 8 फरवरी, 2024 को होने वाले पाकिस्तान के आम चुनावों के बारे में चिंताओं का हवाला दिया, लेकिन आईटीएफ के स्वतंत्र न्यायाधिकरण ने चिंताओं को निराधार माना।
आईटीएफ ने अपनी आधिकारिक घोषणा में कहा, सावधानीपूर्वक समीक्षा के बाद ट्रिब्यूनल ने निर्धारित




किया कि प्रस्तुत कारणों में पर्याप्त योग्यता नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास प्रमुख डेविस कप मुकाबलों की सफलतापूर्वक मेजबानी करने का एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है और वह इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए फिर से ऐसा कर सकता है। .पीटीएफ के अध्यक्ष सलीम सैफुल्ला खान ने इस खबर का स्वागत किया और कहा, यह फैसला पाकिस्तानी टेनिस और खेल प्रशंसकों के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है।राष्ट्पति ने कहा, भारतीय टीम की संभावित यात्रा न केवल टेनिस प्रेमियों के लिए एक रोमांचकारी तमाशा होगी, बल्कि लोगों के बीच संबंधों को भी बढ़ावा देगी और अंतरराष्ट्रीय खेलों में सकारात्मक योगदान देगी।डेविस कप मुकाबला फरवरी 2024 के पहले सप्ताह के दौरान पाकिस्तानी राजधानी इस्लामाबाद में होने वाला है।

# भारतीय डेविस कप टीम को जाना होगा पाकिस्तान

**नई दिल्ली,24 दिसम्बर 2023।** अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) पंचाट (ट्रिब्यूनल) ने अखिल भारतीय टेनिस महासंघ (एआईटीए) की उस दलील को खारिज कर दिया है कि उसकी डेविस कप टीम को इस्लामाबाद में विश्व ग्रूप एक प्ले-ऑफ मुकाबले के दौरान सुरक्षा चिंताओं का सामना करना पड़ सकता है। आईटीएफ पंचाट के इस फैसले से 60 साल में किसी भारतीय टेनिस टीम के लिए पहली बार पाकिस्तान के दौरे का रास्ता साफ हो गया। भारतीय टीम अगर पाकिस्तान की यात्रा करने में विफल रहती है तो मेजबान देश को इस टाई का विजेता घोषित कर दिया जायेगा। इससे भारतीय टीम विश्व ग्रूप दो में खिसक जायेगी। भारत की डेविस कप टीम ने पिछली बार 1964 में पाकिस्तान का दौरा किया था जब उसने मेजबान टीम को 4-0 से हराया था। एआईटीए के महासचिव अनिल धूपर ने 'पीटीआई-भाषा' से आईटीएफ से उनकी अपील खारिज होने की पुष्टि की। धूपर ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''मुझे पता चला है कि एआईटीए की अपील को आईटीएफ पंचाट ने खारिज कर दिया है। हम सोमवार को खेल मंत्रालय से संपर्क करेंगे और टीम को पाकिस्तान भेजने के मामले में मार्गदर्शन मांगेंगे।'' एआईटीए ने हाल ही में तीन-चार



फरवरी (2024) को विश्व ग्रूप एक प्ले-ऑफ मुकाबले के लिए पांच सदस्यीय टीम की घोषणा की थी और कहा था कि अगर आईटीएफ उसकी अपील को खारिज कर देता है, तो वह डेविस कप टीम को पाकिस्तान भेजेगा। तटस्थ स्थल के लिए एआईटीए के अनुरोध को 15 सदस्यीय डेविस कप समिति (डीसीसी) ने भी खारिज कर दिया था। जिसके बाद में राष्ट्रीय महासंघ ने आईटीएफ पंचाट का दरवाजा खटखटाया था।
पाकिस्तान मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार पंचाट ने कहा, ''पाकिस्तान में मुकाबला आयोजित करने के डीसीसी के फैसले के ठोस आधार हैं और डेविस कप मुकाबले के लिए डीसीसी द्वारा चुने गए स्थान (देश) का दौरा करना सभी देशों के लिए जरूरी है।'' एआईटीए का तर्क था कि भारत के साथ अन्य देशों की तरह व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध तनावपूर्ण हैं। एआईटीए ने यह भी दलील दी थी कि आठ फरवरी को पाकिस्तान में आम चुनाव होंगे ऐसे में भारतीय टीम को पाकिस्तान की यात्रा नहीं करनी चाहिए। डीसीसी ने भी एआईटीए की दलील को खारिज करते हुए कहा था, ''पाकिस्तान ने हाल ही में कुछ महत्वपूर्ण डेविस कप मुकाबलों की सफल मेजबानी की है, इसलिए इस बात का कोई ठोस आधार नहीं है कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ मुकाबलों की मेजबानी उचित तरीके से नहीं कर सकता है। ''
उन्होंने कहा, '' कानून एवं व्यवस्था बनाए रखना मेजबान राष्ट्र की जिम्मेदारी है। भारतीय टीम को निश्चिंत रहना चाहिए। उनकी यात्रा और भागीदारी के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय होंगे।''

# सुमित अंतिल,शीतल देवी ने दिल्ली में शीर्ष पैरा-स्पोर्ट्स सम्मान जीता

**नई दिल्ली,24 दिसम्बर 2023।** विश्व रिकॉर्ड धारक, विश्व चैंपियन और 2020 पैरालंपिक खेलों के स्वर्ण पदक विजेता स्न64 वर्ग में भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और हाल ही में अर्जुन पुरस्कार विजेता और डबल एशियाई पैरा खेलों की स्वर्ण पदक विजेता तीरंदाज शीतल देवी ने प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट का ताज जीता। शनिवार दोपहर दिल्ली में एक अवॉर्ड शो आयोजित हुआ। हाल ही में चीन के हांगझू में हुए एशियाई पैरा खेलों में अपने विश्व रिकॉर्ड के लिए 73.29



मीटर भाला फेंकने वाले सुमित और कंपाउंड तीरंदाजी में उसी खेल में दो स्वर्ण और एक रजत जीतने वाली शीतल देवी, कई लोगों से प्राप्त 250 नामांकनों में से थे। पहले रेडियंट डिफरेंटली एबल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स में 23 पुरस्कार श्रेणियों में 20 महासंघों ने भाग लिया।
भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता और फ्रीस्टाइल तैराक मुरलीकांत पेटकर, जिन्होंने 1972 पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता था, को भी लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हांग्जो पैरा खेलों में स्वर्ण और कई पदक जीतने वाली भारतीय ब्लाइंड शतरंज टीम ने हॉकी के जादूगर ध्यानचंद के बेटे और पूर्व हॉकी विश्व कप विजेता अशोक कुमार द्वारा प्रस्तुत मेजर ध्यानचंद टीम ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता।

# हनीमून एक्सप्रेस का फर्स्ट लुक जारी

हनीमून एक्सप्रेस सामाजिक रूप से प्रासंगिक संदेश के साथ एक नए जमाने की रोमांटिक कॉमेडी है। हनीमून एक्सप्रेस एक अवास्तविक रोमांटिक कॉमेडी है, जो एनआरआई एंटरटेनमेंट्स (यूएसए) द्वारा प्रस्तुत और न्यू रील इंडिया एंटरटेनमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित है। चैतन्य राव और हेबा पटेल मुख्य जोड़ी की भूमिका निभाते हैं। मुख्य भूमिकाओं में तनिकेला भरानी और सुहासिनी अभिनीत, फिल्म बाला राजशेखरूनी द्वारा लिखित और निर्देशित है। हनीमून एक्सप्रेस एक कल्याणी मलिक संगीतमय फिल्म है, जो केकेआर और बाला राज द्वारा निर्मित है।



आज फिल्म का फर्स्ट लुक किंग नागार्जुन ने बिग बॉस तेलुगु 7 के सेट पर स्टार के स्पेशल रूम में जारी किया।
इस अवसर पर बोलते हुए, नागार्जुन ने कहा कि वह बाला को अन्नपूर्णा कॉलेज ऑफ फिल्म एंड मीडिया के डीन के रूप में कई वर्षों से जानते हैं। किंग नागार्जुन ने यह भी उल्लेख किया कि बाला ने हॉलीवुड फिल्म उद्योग में अपने प्रदर्शन के साथ, अन्नपूर्णा छात्रों और संकाय के साथ अपना व्यावहारिक ज्ञान साझा किया। उन्होंने यह भी कहा, बाला ने इस फिल्म में हमारे फिल्म स्कूल के कई छात्रों और संकाय सदस्यों को पेशेवर काम के अवसर दिए हैं। हनीमून एक्सप्रेस मनोरंजन और एक मजबूत सामाजिक संदेश का एक सुंदर मिश्रण है। कल्याणी मलिक की धुनें काफी रोमांटिक और आकर्षक हैं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि हनीमून एक्सप्रेस निश्चित रूप से सुपरहिट होगी!
बाला राजशेखरूनी ने कहा, हॉलीवुड उद्योग में दो दशकों से अधिक समय तक काम करते हुए, मैं हमेशा एक तेलुगु फिल्म बनाने की इच्छा रखता था। मुझे डीन के रूप में भारत वापस लाने और टॉलीवुड में प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए श्रीमती अमला अक्किनेनी को धन्यवाद। मैं नागार्जुन गारू को हमेशा मेरे लिए एक बड़ा समर्थन देने और आज हनीमून एक्सप्रेस के पहले लुक का अनावरण करने के लिए धन्यवाद देता हूं। हनीमून एक्सप्रेस में मैंने मनोरंजन और स्वस्थ हास्य के माध्यम से पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का प्रयास किया। रिलीज डेट जल्द ही घोषित की जाएगी.

# वाणी कपूर ने शेयर किया बोल्ड लुक,बैकलेस अवतार से ढाया कहर



बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर अपनी एक्टिंग के साथ-साथ अपने स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक के लिए जानी जाती हैं। इंटरनेट पर वाणी कपूर का ग्लैमरस लुक वायरल रहता है. एक बार फिर उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर धमाल मचा रहा है। वाणी कपूर इससे पहले भी बोल्ड अवतार से सनसनी मचा चुकी हैं लेकिन इस बार का उनका ये बेहद ग्लैमरस हैं। वाणी कपूर के लेटेस्ट फोटोशूट की बात करें तो वाणी कपूर व्हाइट कलर की बैकलेस ड्रेस में वाणी कपूर बेहद ग्लैमरस लग रही हैं। सोशल मीडिया पर उनके इस बोल्ड लुक को काफी पसंद किया जा रहा है। एक्ट्रेस व्हाइट बैकलेस ड्रेस में अपना फिगर फ्लॉन्ट करते हुए नजर आ रही हैं।
वाणी कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनका इंस्टाग्राम उनकी बोल्ड और फोटो वीडियो से भरा हुआ हैं। वाणी कपूर अक्सर इंस्टाग्राम लाइव के द्वारा अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। इसके अलावा वह अपने सोशल मीडिया पर अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में भी फैंस को जानकारी देती हैं।
वाणी कपूर का जन्म 23 अगस्त 1988 को दिल्ली में हुआ था. उनके पिता का दिल्ली में फर्नीचर एक्सपोर्ट का बिजनेस है। वहीं उनकी मां मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के रूप में काम करती हैं। वाणी कपूर की पढ़ाई दिल्ली से ही हुई है।

# भगवान हनुमान और रावण के बीच महायुद्ध,दमदार ट्रेलर रिलीज

एनिमेटेड शो द लीजेंड ऑफ हनुमान के तीसरे सीजन का ट्रेलर जारी किया गया। इसमें भगवान हनुमान और रावण के बीच महायुद्ध देखने को मिलेगा. 2 मिनट 24 सेकंड लंबे ट्रेलर की शुरुआत एक लड़ाई के बीच से होती है, जो यह दर्शाता है कि कैसे भगवान हनुमान और रावण के पास समान शक्ति है और केवल एक चीज जो उन्हें अलग करती है, वह है धार्मिकता।
इसमें दिखाया गया है कि जब भगवान हनुमान लंकेश से मुकाबला करते हैं तो उन्हें अपनी असली ताकत के बारे में पता चलता है। इसमें कुंभकर्ण को युद्ध के मैदान में उतरते हुए भी दिखाया गया है। शो के बारे में बात करते हुए, लंकेश की आवाज देने वाले शरद केलकर ने कहा, मैं हनुमान के पौराणिक कथाओं के बारे में सुनकर बड़ा हुआ हूं और अब




रावण की कहानी का हिस्सा बनना अकल्पनीय रूप से अवास्तविक लगता है। मेरे बचपन पर इसके प्रभाव ने इस अवसर को और भी खास बना दिया। एक बच्चे के रूप में, मैं हमेशा रावण की अहंकार भरी हंसी की नकल करता था। यह सभी दर्शकों का ध्यान खींच लेगी.उन्होंने आगे कहा, मैं डब के दौरान बार-बार हंसने का अभ्यास करता था, इतना कि मैं अपने आस-पास मौजूद क्रू को चौंकाता था।
मैं डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर दर्शकों के लिए इस नए सीजन में अच्छाई बनाम बुराई की इस रोमांचक कहानी को देखने के लिए उत्साहित हूं क्योंकि वे पौराणिक कथाओं के इस नए अध्याय को उजागर करते हैं।
ग्राफिक इंडिया द्वारा निर्मित और शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारुवी अग्रवाल द्वारा निर्मित, द लीजेंड ऑफ हनुमान सीजन-3 12 जनवरी, 2024 से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा।

CMYK

## राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के जन्मदिन पर उन्हें नमन किया



**रायपुर,24 दिसंबर 2023 (ए)।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर उन्हें नमन किया है। राज्यपाल ने कहा है कि श्री वाजपेयी जी एक महान राजनेता, विराट व्यक्तित्व, महान वक्ता, लेखक व बहुमुखी प्रतिभा के धनी होने के साथ-साथ एक जननायक थे। श्री वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। हरिचंदन ने सुशासन दिवस की शुभकामना देते हुए कहा है कि वाजपेयी जी के आदर्शों को हम जीवन में उतारने का संकल्प लें।

## राज्यपाल ने क्रिसमस के अवसर पर दी शुभकामनाएं



**रायपुर,24 दिसंबर 2023 (ए)।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने प्रभु यीशु के जन्मदिन क्रिसमस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने समाज को प्रेम, करूणा, क्षमा एवं समानता का संदेश दिया। उन्होंने मानव सेवा और उनके कल्याण में अपना सारा जीवन व्यतीत किया तथा गरीबों एवं जरूरतमंदों की सेवा करने एवं आपसी भाईचारे के साथ रहने की सीख दी।

# आज सुशासन दिवस पर किसानों को बंटेगा धान बोनस

- आज मोदी जी की गारंटी का एक और वादा होगा पूरा
- दो साल की बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रूपए का होगा वितरण
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में राज्य स्तरीय आयोजन अभनपुर ब्लॉक के ग्राम बेन्द्री में

**रायपुर,24 दिसंबर 2023 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की किसानों को धान बोनस दिए जाने गारंटी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के किसानों को दो साल के धान की बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ रूपए का वितरण 25 दिसंबर को किया जाएगा। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर सुशासन दिवस के अवसर पर धान बोनस वितरण का मुख्य समारोह मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में दोपहर 01 बजे से रायपुर जिले के अभनपुर विकासखण्ड के ग्राम बेन्द्री में आयोजित होगा। कृषि एवं सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा करेंगे। कार्यक्रम में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, सांसद श्री सुनील सोनी, पूर्व मंत्री एवं रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत, विधायक अभनपुर इन्द्र कुमार साहू, रायपुर ग्रामीण के विधायक मोती लाल



साहू, आरंग विधायक खुसवंत साहेब, रायपुर उत्तर के विधायक पुरन्दर मिश्रा, विधायक धरसींवा अनुज शर्मा एवं जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा विशिष्ट अतिथि होंगे।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्य के किसानों से किए गये वायदे के अनुसार छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर 21 क्विंटल धान प्रति एकड़ के मान से क्रय करने का आदेश जारी हो चुका है। धान उपार्जन केन्द्रों एवं सोसायटियों द्वारा नवीन निर्धारित मात्रा के अनुरूप धान खरीदी के लिए किसानों को टोकन जारी करना शुरू कर दिया है। राज्य में इस साल 130 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी अनुमानित है। समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के एवज में राज्य के किसानों को लगभग 40 हजार करोड़ रूपये का भुगतान होगा।

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को लागू करके किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से 21 क्विंटल धान की खरीदी शुरू हो गई है। किसानों को धान बेचने में किसी भी तरह की दिक्कत ना हो, इसके लिए सभी खरीदी केन्द्रों में बेहतर और पर्याप्त इंतजाम किए गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि हम पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मना रहे हैं। 25 दिसम्बर को राज्य के किसान भाईयों को 2 साल के धान की बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ 38 लाख 96 हजार रूपए का भुगतान करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि ऐसे किसान जो पूर्व निर्धारित मात्रा के अनुसार सोसायटियों में अपना धान बेच चुके हैं, उन्हें नवीन निर्धारित मात्रा के अंतर का धान विक्रय करने की सुविधा भी दी गई है।

# क्या प्रभारी बदलना ही कांग्रेस में भ्रष्टाचार की सजा है ?

## गहलोत-सरकार के विमान को ज़मीन पर ला पटकने वाले 'पायलट' छत्तीसगढ़ में क्या करेंगे

**रायपुर,24 दिसंबर 2023 (ए)।** प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कांग्रेस में मचे घमासान पर तंज कसा है। बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता गुप्ता बोले क्या प्रभारी बदलना ही कांग्रेस में भ्रष्टाचार की सजा है ? बीजेपी ने प्रभारी सचिन पायलट पर भी तंज कस्ते हुए कहा- गहलोत-सरकार के विमान को ज़मीन पर ला पटकने वाले 'पायलट' छत्तीसगढ़ में क्या करेंगे ? के मद्देनजर केंद्रीय नेतृत्व के ताजा फरमान को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पीड़ा का मखौल बताया है। श्री गुप्ता ने कहा कि भ्रष्टाचार कांग्रेस के डीएनए में जिस तरह रच-बस गया है, उसके चलते कांग्रेस भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे संगठन पदाधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने का नैतिक साहस नहीं जुटा पा रहा है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने



सवाल किया कि क्या कांग्रेस भ्रष्टाचार की पनाहगाह हो चली है जो एक जगह बेनकाब होने के बाद भ्रष्टाचार के लिए राज्यों को बतौर प्रयोगशाला इस्तेमाल कर रही है? छत्तीसगढ़ की कांग्रेस प्रभारी शैलजा को प्रदेश प्रभारी से हटाकर उत्तराखंड का प्रभार सौंपने के ताजे फरमान के मद्देनज़र श्री गुप्ता ने यह भी जानना चाहा कि क्या कांग्रेस पार्टी में भ्रष्टाचार की यही सजा है? छत्तीसगढ़ में संगठन के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि शैलजा ने कांग्रेस की चुनाव टिकटों की ख़रीदी-बिक्री की है और किसी एक नेता को तव्वजो देते हुए बाक़ी संगठन को दरकिनार कर दिया था। आज कांग्रेस पार्टी ने शैलजा का प्रभार बदलकर उत्तराखंड कर दिया है तो सवाल उठ रहा है कि क्या अब उत्तराखंड के कार्यकर्ता शैलजा के इस हुनर का लाभ लेंगे?

## अब पान मसाले के पैकेट में 50 प्रतिशत हिस्से में लिखना होगा चेतावनी

**रायपुर,24 दिसंबर 2023 (ए)।** अब पान मसाला बनाने व पैकिंग करने वालों के लिए फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड ने नए आदेश जारी कर दिए हैं। एफएसएसएआई ने सभी राज्य सरकारों को आदेश जारी करके किए गए संशोधन का पालन कराने का निर्देश दिया है। सरकार ने पान मसाला के लिए नए लेबलिंग और डिस्प्ले नियम जारी किए हैं। अब पान मसाला ब्रांड नाम के ठीक नीचे अगले हिस्से में चेतावनी लिखनी होगी। नए नियम के मुताबिक, 50 प्रतिशत हिस्से पर 'पान मसाला चबाना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है' प्रमुखता से लिखना होगा. एफएसएसएआई ने नया नियम लागू कर दिया है। बीते छह माह पहले आदेश दिया गया था। जिसके बाद कंपनियों ने छह माह का समय मांगा था। कंपनियों का तर्क था कि पैकेट छप चुके हैं, इसलिए उन्हें समय दिया जाए।



## छत्तीसगढ़ के सात नए आईपीएस अफसर ट्रेनिंग के लिए जंगल वार फेयर जायेंगे

**रायपुर,24 दिसंबर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में पदस्थ किये गए सात आईपीएस अफसरों को कांकेर जंगल वार फेयर कॉलेज में ट्रेनिंग के लिए रिजर्व किया गया है। ये सभी 26 दिसंबर से 45 दिनों तक वाईसी ट्रेनिंग लेंगे। ये सभी इस समय जिलों में परीविक्षावधि पोस्टिंग में पदस्थ हैं। जारी सूची में आईपीएस आकाश कुमार शुक्ला, चिराग जैन, अमन कुमार रमन कुमार झा, रविंद्र कुमार मीणा, रोहित कुमार शाह, उदित पुष्कर और उमेश प्रसाद गुप्ता शामिल हैं।





# सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर



### पुलिस ने दिया बड़ा बयान


**दंतेवाड़ा,24 दिसंबर 2023 (ए)।** दंतेवाड़ा सुकमा सीमा क्षेत्र के तुमकपाल और डब्बा कुन्ना गांव के बीच जंगल में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच भीषण गोलीबारी में 3 नक्सली मारे गए। 3 नक्सलियों के शव बरामद. हथियार और गोला-बारूद और नक्सल संबंधी सामग्री भी बरामद की गई।

छत्तीसगे में दंतेवाड़ा-सुकमा जिले के बॉर्डर पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में 3 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि, पुलिस फोर्स नक्सलियों के कोर इलाके डब्बाकुन्ना में घुसी है। फिलहाल सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मामला कटेकल्याण थाना क्षेत्र का है।




























प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)